## खबर संक्षेप

### तीन माह तक थाना में उपस्थित होने के निर्देश

**कटनी।** जिला दंडाधिकारी आशीष तिवारी ने ग्राम खम्हरिया थाना ढीमरखेड़ा निवासी राहुल साहू पिता संतोष साहू 25 वर्ष के कार्यवाही करते हुए आगामी 3 माह की अवधि तक पुलिस थाना ढीमरखेड़ा में उपस्थिति दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं। यह कार्यवाही पुलिस अधीक्षक से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर की गई है। राहुल के विरूद्ध वर्ष 2022 से अब तक मारपीट और अवैध शराब से सम्बन्धित कुल 5 प्रकरण पंजीबद्ध है। पुलिस द्वारा राहुल के विरूद्ध समय-समय पर कई बार प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गई। परंतु, आदतन अपराधी के आचरण-व्यवहार में कोई सुधार नहीं हुआ। राहुल साहू द्वारा आपराधिक गतिविधियां निरंतर जारी रखने के कारण क्षेत्र में शांति एवं सार्वजनिक सुरक्षा व्यवस्था पर पड़नें वाले प्रतिकूल प्रभाव को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी ने मप्र राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत आदतन अपराधी के प्रवृत्ति पर नियंत्रण लगाने के लिए कार्रवाई करते हुए आगामी 3 माह तक प्रतिमाह की 1 से 16 तारीख को पुलिस थाना ढीमरखेड़ा में उपस्थिति दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं।

### रविवार को दोपहर बाद छा गए बादल, दिन भर कंपकंपी वाली ठंड का अहसास

# ठंड का सितम: गलाव एवं ठिठुरन ने बढ़ाई परेशानी, अलाव ही बने सहारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

तापमान में गिरावट के चलते गलन भरी ठंड कंपकंपाने एवं ठिठुराने लगी है। रविवार को दोपहर बाद से बादल भी छा गए जिससे धूप गायब हो गई। धूप से काफी राहत मिलती है लेकिन बादल छा जाने से ठंड का सितम और बढ़ गया। शाम होते ही जाड़ा अधिक सताने लगता है। हाथों एवं पैरों में गलाव सा महसूस होने लगता है। ठंड के प्रकोप से बचने के लिए लोगों को दिन में भी ऊनी एवं गर्म कपड़ों पहनना पड़ रहा है। वाहन चलाते समय शीत हवाओं से ऊंगलियों में अकड़न महसूस हो रही है जिससे बचने के लिए ग्लब्स हा सहारा लिया जा रहा है। ठंड की वजह से बाजार भी जल्दी बंद होने लगे हैं। शहर सहित ग्रामीण अंचलों में शाम होते ही अलाव जलने लगते हैं। ठंड की वजह से बेसहारा लोगों एवं यात्रियों के लिए अलाव जलाने की व्यवस्था दर्जन भर से अधिक स्थानों में कराई गई है। साथ ही सुरक्षित रात्रि विश्राम के लिए रैन बसेरा में व्यवस्थाएं की गई। जरूरतमंदों को रैन बसेरा तक पहुंचाने वाहन सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है।



मौसम में बर्फ सी ठंडक घुल गई है जिससे ठंड अधिक बढ़ गई है। रविवार को न्यूनतम तापमान दहाई अंक से नीचे पहुंच गया। रविवार को दिन में करीब 2 बजे तक धूप निकली रही इसके बाद बादलों की आवाजाही शुरू हो गई। जैसे-जैसे शाम होती गई वैसे-वैसे ठंड भी अपना असर दिखाने लगी। रविवार अवकाश का दिन होने के चलते अंधेरा होने के बाद गलन की वजह से लोग घरों में कैद हो गए। ठंड बढ़ने से सबसे ज्यादा परेशानी गरीबों को हो रही है। शहर के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में अलाव ही सहारा बने हुए हैं। ग्रामीण अंचलों में लोग जगह-जगह अलाव जलाकर तापते नजर आए। पशुपालक ठंड से पशुओं को बचाने के लिए तरह-तरह के उपाय कर रहे हैं। उनके द्वारा पशुओं के आसपास अलाव की व्यवस्था करने के साथ ही उन्हें कपड़ों से ढका जा रहा है। ठंड बढने से गर्म कपड़ों के कारोबार में तेजी आने लगी है। ठंड के दस्तक देने से मौसमी बीमारियां भी बढ़ने लगी है। सर्दी जुकाम की शिकायत बच्चों में अधिक देखी जा रही है। चिकित्सालयों में मरीजों की संख्या बढने लगी है। आने वाले दिनो में कड़ाके की ठिठुरन का असर तेज होने की संभावना बढ गई है।

चिकित्सकों के अनुसार शीत लहर से बचाव के लिए एहतियात बरतने की आवश्यकता है। माह दिसम्बर एवं जनवरी में ठंड, शीतलहर से 5 वर्ष से कम आयु के बच्चों, वृद्धजनों, दिव्यांगजनों, दीर्घकालिक बीमारियों से पीड़ित मरीजों एवं खुले में व्यवसाय करने वाले दुकानदारों पर अधिक प्रभाव पड़ता है। ठंड एवं शीतलहर से नाक बहना, नाक बंद होना, फ्लू, नाक- कान से खून आना, हाथ की ऊंगलियों- कान- नाक अथवा पैर की ऊंगलियों में सफेदी या फीकापन, कंपकंपी आना, मांसपेसियों में अकड़न, सांस लेने में तकलीफ जैसे लक्षण सामान्यतः पाये जाते हैं। उक्त लक्षण पाये जाने पर नागरिक तत्काल चिकित्सक की सलाह एवं नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में उपचार लेने, ऊनी कपड़ों को कई परतों में उपयोग करने की सलाह दी है। शीत लहर के संभावना के समय आवश्यक न हो तो यात्रा नहीं करें। आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिये सामग्री की व्यवस्था पूर्व से रखे। फस्ट एड की व्यवस्था रखें। हीटर, फायर पॉट, कोयला, अंगीठी का इस्तेमाल बंद कमरों में न करें। इससे कार्बन मोनो डाइऑक्साइड का खतरा होता है।



## ट्रैक्टर चालक ने बाइक सवार युवकों को मारी टक्कर, एक की मौत, दूसरा गंभीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ विजयराघवगढ़

रविवार की शाम लगभग 5:00 बजे विजयराघवगढ़ बरही मार्ग पर पानी के टंकी के ठीक सामने बजाज की पल्सर मोटरसाइकिल क्रमांक MP 21 ZE 8481 में सवार तीन युवकों को ट्रैक्टर चालक ने जोरदार ठोकर मार दी जिससे तीनों युवक घायल हो गए वहां पर स्थानीय दुकानदारों ने विजयराघवगढ़ पुलिस को सूचना दी पुलिस ने 112 डायल से तीनों युवकों को शासकीय चिकित्सालय विजयराघवगढ़ भेजा जहां पर डॉक्टर ने एक युवक को मृत घोषित कर दिया वही एक गंभीर रूप से घायल युवक को जिला चिकित्सालय कटनी रेफर कर दिया गया। किसान लगभग 5:00 बजे पानी की टंकी के पास विजयराघवगढ से बरही की ओर जा रहा था। ट्रैक्टर क्रमांक एमपी 21 AB 4307 और पल्सर मोटर साइकिल वाहन क्रमांक MP 21 Z 8461 बरही से विजयराघवगढ़ की और आते समय कारी तलाई तिराहा पर आमने-सामने से जबरदस्त टक्कर हो गई जिससे एक युवक शत्रुघ्न कोल की घटनास्थल पर ही मौत हो गई जबकि दूसरा युवक सागर कोल गंभीर रूप से घायल हो गया जिसको गहन उपचार के लिए जिला चिकित्सालय कटनी रीफर कर दिया गया है।

### रोड में फैली थी सामग्री

स्थानीय दुकानदार व प्रत्यक्ष दर्शियों ने बताया कि घटनास्थल पर मकान का निर्माण कार्य चल रहा है जिस वजह से मकान के निर्माण सामग्रीआधे रोड से गिट्टी और रेत का ढेर लगा हुआ है इसी रेत के ढेर से युवकों की बाइक फिसल गई और ट्रैक्टर में जाकर सीधे टकरा गई।

### जिले के समस्त विकासखंडों में परीक्षा का हुआ आयोजन

## गणित और विज्ञान ओलंपियाड परीक्षा में 1552 छात्र हुये शामिल, 468 अनुस्थित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले के सभी विकासखंडों में रविवार को प्रातः 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक गणित और विज्ञान ओलंपियाड का आयोजन किया गया। जिले के 6 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित इस परीक्षा में पंजीकृत कुल 2020 छात्रों में से 1552 छात्र इस परीक्षा में शामिल हुए, जबकि 468 छात्र अनुपस्थित रहे।

### यह है मुख्य उद्देश्य

ओलंपियाड के आयोजन का मुख्य उद्देश्य छात्रों को गणित और विज्ञान जैसे महत्वपूर्ण विषयों में अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर प्रदान करना है। यह प्रतियोगिता छात्रों को अपने ज्ञान और कौशल का परीक्षण करने के लिए प्रेरित करती है। इसका मकसद विद्यार्थियों में इन विषयों के प्रति रुचि बढ़ाना और उन्हें भविष्य की विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार करना है, ताकि वे अपने लक्ष्यों को प्राप्त कर सकें।



परीक्षा के दौरान शासकीय उत्कृष्ट उ.मा.वि. बहोरीबंद में पंजीकृत 235 छात्रों में से 208 छात्र परीक्षा में शामिल हुये जबकि 27 छात्र अनुपस्थित रहे। इसी प्रकार शासकीय उत्कृष्ट उ.मा.वि., कटनी में पंजीकृत 406 छात्रों में से 314 छात्र परीक्षा में शामिल हुए, जबकि 92 छात्र अनुपस्थित रहे। शासकीय उत्कृष्ट उ.मा.वि., बड़वारा में पंजीकृत 410 छात्रों में से 344 छात्र परीक्षा में शामिल हुये जबकि 66 छात्र अनुपस्थित रहे। शास. उत्कृष्ट उ.मा.वि., रीठी में पंजीकृत 286 छात्रों में से 156 छात्र परीक्षा में शामिल हुये जबकि 130 छात्र अनुपस्थित रहें। वहीं शासकीय उत्कृष्ट उ.मा.वि., विजयराघवगढ़ में पंजीकृत 441 छात्रों में से 381 छात्र परीक्षा में शामिल हुये और 60 छात्र अनुपस्थित रहें। इसके अलावा शासकीय उत्कृष्ट उ.मा.वि., ढीमरखेड़ा में 242 छात्रों में से 149 छात्र उपस्थित रहें जबकि 93 छात्र अनुपस्थित रहें।

## घर में अचानक लगी आग से युवक की जलने से हो गई मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

घर में लगी आग से एक युवक जिंदा जल गया। घटना बरही थाना क्षेत्र के ग्राम जगुआ में हुई। मृतक की पहचान 37 वर्षीय बृजभान सिंह, पिता सुखसेन सिंह के रूप में हुई है। बताया जा रहा है जिसवक्त घर में आग लगी उसवक्त बृजभान घर में अकेला था। घांस-फूंस का छप्पर होने के चलते उसे घर से निकलने का मौका ही नहीं मिला।



मृतक के भाई मंगल सिंह ने पुलिस को बताया कि परिवार के सभी सदस्य खेत में पानी लगाने गए हुए थे। बृजभान सिंह खेत से खाना खाने के लिए घर आए थे। मंगल सिंह ने बताया कि उन्हें अचानक घर के छप्पर से धुआँ निकलता दिखाई दिया। जब वे भागकर घर पहुंचे, तब तक आग काफी फैल चुकी थी। परिजनों और स्थानीय लोगों ने मिलकर आग पर काबू पाया। आग बुझने के बाद जब वे घर के अंदर गए, तो बृजभान सिंह का बुरी तरह जला हुआ शव मलबे के बीच दबा मिला। उन्हें तुरंत बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना मिलते ही खितौली चौकी प्रभारी अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने घटनास्थल का निरीक्षण कर पंचनामा कार्रवाई पूरी की और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए बरही अस्पताल भेज दिया।

पुलिस का कहना है कि आग लगने के वास्तविक कारणों का पता लगाया जा रहा है। पुलिस हत्या, दुर्घटना या आत्महत्या सहित सभी संभावित पहलुओं को ध्यान में रखकर विस्तृत जांच कर रही है।

## जल संचय और संरक्षण करने दिलाई शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ उमरियापान

मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के अंतर्गत ढीमरखेड़ा विकासखंड में संचालित बीएसडब्ल्यू और एमएसडब्ल्यू पाठ्यक्रम के विद्यार्थियों ने रविवार को पानी का संचय और संरक्षण करने की शपथ ली। समाजकार्य के विद्यार्थियों ने संकल्प लिया कि वे जल संरक्षण के प्रति सामाजिक चेतना बढ़ाने और सकारात्मक बदलाव लाने में अग्रसर रहेंगे।

इस दौरान जन अभियान परिषद ढीमरखेड़ा विकासखंड समन्वयक बबीता शाह ने कहा कि तेजी से घटता भूजल स्तर, लगातार सूखे की स्थिति और पानी की बढ़ती मांग यह संकेत देती है कि जल संरक्षण अब समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि विद्यार्थियों का समूह गांव-गांव जाकर घरों, खेतों और सामुदायिक स्थलों पर पानी के सही उपयोग, वर्षाजल संचयन, नल एवं हैंडपंप की मरम्मत, अनावश्यक रूप से बहने वाले जल को रोकने जैसे उपायों पर लोगों को जागरूक करेगा। यह अभियान जनभागीदारी के साथ व्यापक स्तर पर चलाया जाएगा। परामर्शदाता अंकित झारिया ने कहा कि युवाओं में समाज परिवर्तन की सबसे अधिक क्षमता होती है। समाजकार्य के विद्यार्थी यदि ग्रामीणों के साथ मिलकर प्रयास करें, तो गांवों में वर्षाजल संचयन संरचनाएं विकसित कर जल संकट को काफी हद तक कम किया जा सकता है।



विद्यार्थियों ने शपथ के साथ यह भी निश्चय किया कि वे पानी की किसी भी प्रकार की बर्बादी नहीं होने देंगे और लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करेंगे। कार्यक्रम में परामर्शदाता सत्येंद्र सिंह राजपूत, सुमित सिंह ठाकुर, मुकेश सिंह, नीलम मौर्य सहित विद्यार्थियों की उपस्थिति रही।

### निःशुल्क स्वास्थ्य एवं नेत्र शिविर का आयोजन

**कटनी।** रविवार को निःशुल्क स्वास्थ्य एवं नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ उद्योगपति मनीष गेई, डॉक्टर प्राची शर्मा एवं डॉ परवीन द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में आमजनों ने पहुँचकर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लिया।शिविर में हृदय, दांत, हड्डी, स्त्री रोग, एवं नेत्र रोग सहित विभिन्न विभागों के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा जांच और परामर्श प्रदान किया गया। मरीजों को निःशुल्क दवाइयाँ वितरित की गईं तथा नेत्र संबंधी जांच के बाद निःशुल्क चश्मे भी उपलब्ध कराए गए। शिविर में जिला कांग्रेस अध्यक्ष अमित शुक्ला, उद्योगपति मनीष गेई, सौम्या रांधेलिया, चोखे भाई, डॉक्टर प्राची शर्मा, डॉक्टर प्रियंक दुबे, डॉक्टर गणेश, डॉक्टर पायल गनवानी आदि की उपस्थिति रही।

### मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन 16 दिसंबर को होगा

## जिले में सौ-फीसदी मतदाताओ के गणना प्रपत्रों का हुआ डिजिटाईजेशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले की सभी चारों विधानसभा क्षेत्रों में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य सौ-फीसदी पूरा हो गया है। सबसे पहले शत-प्रतिशत कार्य ज़िले की बहोरीबंद विधानसभा में पूर्ण हुआ था।

कलेक्टर आशीष तिवारी द्वारा सतत रूप से एसआईआर की मॉनिटरिग करने और मैदानी भ्रमण कर किए गए निरीक्षण और अधिकारियों को सतत रूप से प्रोत्सामहित करने की वजह से जिले में मतगणना प्रपत्र के डिजिटाईजेशन का कार्य सौ-फीसदी पूर्ण हो गया है। कलेक्टर ने इस कार्य में लगी सभी विधानसभा क्षेत्रों की टीमों की सराहना की है।



कलेक्टकर व जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी विधानसभा क्षेत्रों के ईआरओ, एईआरओ, बीएलओ एवं सुपरवाईजर सहित इस कार्य में जुटे सभी सहयोगी कर्मचारियों और राजनैतिक दलों के बीएलए द्वारा किए गए सहयोग पर बधाई व शुभकामनाएं दी हैं।

बताते चलें कि जिले के बडवारा विधानसभा क्षेत्र में 2 लाख 58 हजार 419 मतदाता हैं। जबकि विजयराघवगढ़ विधानसभा में 2 लाख 42 हजार 142 मतदाता, मुड़वारा विधानसभा क्षेत्र में 2 लाख 52 हजार 528 मतदाता और बहोरीबंद विधानसभा क्षेत्र में 2 लाख 49 हजार 51 मतदाता हैं।

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य के लिए जारी कार्यक्रम के मुताबिक मध्य प्रदेश में एसआईआर की प्रक्रिया अब 14 फरवरी 2026 तक चलेगी। इसके तहत, बीएलओ द्वारा 11 दिसंबर 2025 तक एन्युमरेशन फॉर्म भरने का काम किया जाएगा। मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन 16 दिसंबर को होगा।दावा-आपत्तियों के आवेदन 16 दिसंबर से 15 जनवरी 2026 तक लिए जाएंगे। दस्तावेजों का सत्यापन 16 दिसंबर से 7 फरवरी 2026 तक किया जाएगा। इसके बाद, अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 14 फरवरी 2026 को होगा।


हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण** - 519. देवेन्द्र निर्मलकर पिता\पति दौलत राम निर्मलकर पता- दुर्गा चौक, मठपुरैना रायपुर, 520. दिशा वर्मा पिता\पति अनिल कुमार वर्मा पता- सद् LIG-717 RAIPUR, 521. भोला राम वर्मा पिता\पति स्व.रतन लाल वर्मा पता– रायपुर, 522. अमित साहू पिता\पति गौकरण साहू पता- प्रगति विहार कॉलोनी संतोषी नगर, 523. शुभम कुमार सिन्हा पिता\पति गंगा प्रसाद सिन्हा पता- राजा तालाब रायपुर, 524. राजा शा पिता\पति अनवर शा पता- गोकुल नगर रायपुर, 525. गया प्रसाद मानापुरे पिता\पति बाबू जी मानापुरे पता- प्रेम नगर गुढ़ियारी, 526. बरखा तिवारी पिता\पति दीपक कुमारतिवारी पता- टेकारी मंढार रायपुर, 527. अबिनाश साहू पिता\पति हिरेन्द्र कुमार साहू पता- बढाई पारा ब्रम्देव मंदिर के पास रायपुर, 528. लोमश कुमार साहू पिता\पति गणेश राम साहू पता- खोरपा रायपुर, 529. भोजराज साहु पिता\पति तुकाराम साहु पता- कुरूद, 530. सूरज कुमार पिता\पति सुरेश पता- रावनगुंडा कुरूद, 531. शिवम् कुमार सहू पिता\पति धनेश राम साहू पता-ग्राम-बकली, 532. कु. मोनिका गुप्ता पिता\पति अमर नाथ गुप्ता जी पता- मठ मंदिर चौक धमतरी, 533. अमन अग्रवाल पिता\पति अजय अग्रवाल पता- वार्ड न.-3 डोंगरगढ़, 534. अर्चना दुबे पिता\पति बी. एस.तिवारी पता- वार्ड न.-3 डोंगरगढ़, 535. मनवीर राज कौर पिता\पति शंद्री सिंह जगमहिमा पता- डोंगरगढ़, 536. रीतू वर्मा पिता\पति देवेन्द्र वर्मा पता- वार्ड न.09 कोविया, 537. नरेश साहू पिता\पति किशन लाल पता- संजय नगर कांकेर, 538. श्रीमती जानकी देवांगन पिता\पति श्री जगदीश प्रसाद देवांगन पता- डौंडी लोहारा, 539. सोमेश पाण्डेय पिता\पति स्व. मदन प्रसाद पाण्डेय पता- जगदलपुर, 540. संदीप कुमार सेन पिता\पति रघुराज सेन पता- शंकर नगर वार्ड न.-09, 541. श्री राम साहू पिता\पति जी.आर.साहू पता- रामनगर कवर्धा, 542. जलेन्द्र कुमार साहू पिता\पति महेंद्र कुमार साहू पता- सुहेला, 543. कशिश नेताम पिता\पति हरिशंकर नेताम पता- आर.ई.एस.कॉलोनी कोंडागांव, 544. काजल साहू पिता\पति दया राम साहू पता- बजरंग पारा कोहका, 545. शौर्य जंघेल पिता\पति हिरेन्द्र जंघेल पता- लक्ष्मी नगर सुपेला, 546. मेघा साहू पिता\पति मोहन लाल साहू पता- सरस्वती कुंज रिसाली भिलाई, 547. श्रीमती आशा ताम्रकार पिता\पति स्व. भारत भूषण ताम्रकार पता- म.न.20/1 नेहरू नगर पूर्व भिलाई, 548. धीरज कुमार पिता\पति फूलचंद प्रसाद पता- खुर्शिपार जोन-03 भिलाई, 549. अश्वनी कुमार साहू पिता\पति बी.आर साहू पता- राकेश चौक वार्ड न.04 जरवाय भिलाई 03, 550. यशवंत कुमार पिता\पति घनाराम नेताम पता- प्लाट न.182/3 व्ही.आई. पी नगर, 551, अजय कुमार पाण्डेय पिता\पति अश्वनी कुमार पाण्डेय पता- गणेश नगर रावण भाठा जामुल भिलाई, 552. भूपेश कुमार यादव पिता\पति कैलाश प्रसाद यादव पता- दुर्गा मंदिर के पास खुर्शिपार भिलाई, 553. कशिश साहू पिता\पति हिरामत लाल साहू पता- नयापारा उतई, **बिलासपुर संस्करण** – 554. पूर्णिमा पिता/पति समिति दफाई कोरिया कॉलोरी, 555. रितेश गुप्ता पिता/पति राजेन्द्र गुप्ता पता- बाजार पारा बैकुठपुर, 556. रोहित कुमार पिता/पति कृष्णा कुमार साहू पता- तलवा पारा बैकुठपुर, 557. प्रियंका गुप्ता पिता/पति दुर्गा प्रसाद गुप्ता पता- तलवा पारा, 558. योगेश चंद्रा पिता/पति पन्नालाल चंद्रा पता- स्कूल पारा बैकुठपुर, 559. गोविंद कुमार पिता/पति प्यारे मोहन पता- कचहरी पारा बैकुठपुर, 560. नैना चौरसिया पिता/पति फते बहादुर चौरसिया पता- बैकुठपुर, 561. दीपक कुमार जायसवाल पिता/पति अशोक कुमार जायसवाल, पता- सकरीया, 562. हर्ष यादव पिता/पति खिलानंद यादव पता- स्कूल पारा ओड़गी, 563. स्वाती गोयल पिता/पति सुशील गोयल पता- चरचा कोलोरी, 564. संदीना पिता /पति मो. अबूताब अंसारी पता- महाराणा प्रताप अंसारी चरचा, 565. सुष्मिता यादव पिता /पति स्कूल पारा ओड़गी बैकुठपुर कोरबा जिला, 566. अहमद रजा खान पिता/पति अंजार अहमद खान पता- सीतामढी बाल्को कोरबा, 567. श्रीमती शीतला साहू पिता/पति संजय साहू पता- दीपका कोरबा, 568. बबीता चौहान पिता/पति विषम चौहान पता- कोरबा, 569. सतीश चौहान पिता/पति सुखीराम चौहान पता- पोड़ीमार भदरापारा बाल्को कोरबा, 570. संस्कार राठौर पिता/पति ब्रम्हानंद राठौर पता- हरदीबाजार कोरबा, 571. श्री अजय खैरवार पिता/पति रामप्रसाद खैरवार पता- बाजार मोहल्ला बाल्को कोरबा, 572. नावानोनी यादव पिता/पति बबलू यादव कोरबा, 573. गायत्री भारद्वाज पिता/पति नंदकुमार भारद्वाज पता- नेहरू नगर बाल्को, 574. प्रदीप सिंह चंदेल पिता/पति लक्ष्मण सिंह चंदेल पता- शांति नगर बाल्को, 575. महेन्द्र कुमार बांधकर पिता/पति जनकराम बांधकर पता- इंदिरा नगर बाल्को, 576. कमलेश कुमार साहू पिता/पति श्याम लाल साहू पता- नेहरू नगर बाल्को, **भोपाल संस्करण** – 577. राजेश वर्मा पिता\पति नाथूलाल वर्मा पता- फेस-2 कान्हा कुंज अकबरपुर भोपाल, 578. साधना सेन पिता\पति रोशनलाल पता- नयाबसेरा कोटरा, 579. हिमांशी पिलवान पिता\पति मगनदास पता- पिलवान 824 दुर्गा नगरकोलार, 580. दीपक दिलवारिया पिता\पति जयनारायण दिलवारिया पता- नेहरू नगरमेन रोड, 581. सपना वर्मा पिता\पति राममनोहर वर्मा पता- विदिशा, 582. शेखर नामदेव पिता\पति सेवाराम नामदेव पता- विदिशा, 583. सुदीप नामदेव पिता\पति शिवराम नामदेव पता- विदिशा, 584. शाश्वत शर्मा पिता\पति सुनील शर्मा पता- गोदावरी कॉलोनी विदिशा, **जबलपुर संस्करण** – 585. सिलिवया मसीहा पिता\पति चंद्रभान पता- कोतमा, 586. अभिनय सोनी पिता\पति कैलाश सोनी पता- वार्ड नंबर 4 कोतमा अनूपपुर, 587. अनिल कुमार गुप्ता पिता\पति धन प्रसाद गुप्ता पता- कोतमा अनूपपुर, 588. मनीष सेन पिता\पति केदार प्रसाद सेन पता- पुरानी बस्ती कोतमा वार्ड नंबर 6 अनूपपुर, 589. सुयश जैन पिता\पति मनीश कुमार जैन पता- कोतमा, 590. यातिका केवट पिता\पति हरी लाल केवट पता- ग्राम पौड़ी कोतमा अनूपपुर, 591. कार्तिक सेन पिता\पति अशोक सेन पता- कोतमा अनूपपुर, 592. शिफरा पिता\पति मो सरफराज वार्ड क्रमांक 7 प्रो में अनूपपुर।

नियम एवं शर्ते लागू*

शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

## खबर संक्षेप

### डेढ़ महीने से लापता वृद्ध का जंगल में मिला शव

**कटनी।** कैमोर थाना क्षेत्र में करीब डेढ़ महीने से लापता एक वृद्ध का कंकाल मिलने से सनसनी मच गई। जंगल में मिले शव की हालत बेहद खराब थी, जिससे चेहरा पहचानना संभव नहीं था। हालांकि, कपड़ों और शारीरिक बनावट के आधार पर परिजन और स्थानीय लोगों ने शव की पहचान की। बताया जाता है कि करीब डेढ़ महीने से पहले 70 वर्षीय बुजुर्ग रामसिंह रघुवंशी लापता हो गया था। गत सुबह लकड़ी काटने गए मजदूरों ने घास-फूस के बीच मानव कंकाल जैसी आकृति देख तुरंत पुलिस को सूचना दी। कुछ ही देर में कैमोर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा कार्यवाही की। परिजनों ने बताया कि रामसिंह पिछले काफी समय से मानसिक अस्थिरता से जूझ रहे थे और अक्सर घर से भटक जाया करते थे। लेकिन इस बार वे लौटकर नहीं आए। परिजनों ने हर जगह तलाश की लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। उनका भाई महेश सिंह मुंबई में मजदूरी करता है और रोज़गार के कारण अक्सर शहर से बाहर रहता है। शव की स्थिति देखकर साफ था कि मौत कई दिनों पहले ही हो चुकी थी। पुलिस ने मौके से कपड़े और अन्य नमूने जुटाए हैं। अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि मामला हादसा है, बीमारी से मौत हुई या इसमें कोई संदिग्ध पहलू मौजूद है।

### नेशनल लोक अदालत में अधिभार में मिलेगी छूट

**कटनी।** नगर पालिक निगम द्वारा 13 दिसंबर शनिवार को नेशनल लोक अदालत शिविर का आयोजन नगर निगम कार्यालय सहित अन्य चार स्थलों बस स्टैंड पुलिस चौकी के पास, दुर्गा चौक खिरहनी, माधवनगर उप कार्यालय एवं सुभाष चौक कटनी में किया जाना है। लोक अदालत में करदाताओं को वर्ष 2024 - 25 के बकाया राशि के अधिभार में छूट का लाभ प्रदान किया जाएगा। महापौर श्रीमति प्रीति संजीव सूरी एवं निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार ने नगर के अधिक से अधिक करदाताओं से लोक अदालत शिविर स्थलों में पहुंचकर बकाया करों के अधिभार में मिलने वाली छूट का लाभ प्राप्त करने का आग्रह किया है। राजस्व अधिकारी जागेश्वर प्रसाद पाठक ने बताया कि लोक अदालत में सम्पत्तिकर के ऐसे प्रकरण जिनमें कर तथा अधिभार की राशि 50 हजार रूपये तक बकाया होने पर मात्र अधिभार में 100 प्रतिशत तक की छूट, 50 हजार रूपये से अधिक तथा 1 लाख रूपये तक बकाया होने पर मात्र अधिभार में 50 प्रतिशत तक की छूट, 1 लाख रूपये से अधिक बकाया होने पर मात्र अधिभार में 25 प्रतिशत तक की छूट दी जायेगी। उन्होंने बताया कि जलकर के ऐसे प्रकरण जिनमें कर तथा अधिभार की राशि 10 हजार रुपये तक बकाया होने पर 100 प्रतिशत की छूट, राशि 10 हजार रुपये से अधिक तथा 50 हजार रुपये से कम बकाया होने पर मात्र अधिभार में 75 प्रतिशत की छूट, राशि 50 हजार रुपये से अधिक बकाया होने पर मात्र अधिभार में 50 प्रतिशत की छूट प्रदान की जायेगी।

### सड़क और नाली निर्माण नही होने से लोग परेशान



**सिलौंडी।** सिलौंडी पंचायत के वार्ड 6 से होकर संगम कॉलोनी तक निकलने वाली गली में अभी तक ग्राम पंचायत ने सी सी रोड निर्माण और नाली निर्माण नही कराया जिसके कारण राहगीर और वार्ड वासियों को परेशानी हो रही हैं। नाली नही होने के कारण पूरे मार्ग में घरों का गंदा पानी बहता रहता है । पंच लक्ष्मी काछी ,सुनील काछी , राहुल काछी ,कमलेश काछी ने बताया कि आज तक हमारी गली में पंचायत से कोई भी विकास कार्य नही हुआ नाली और सीसी रोड निर्माण का अनेक बार आदेवन दिया परंतु पंचायत सिर्फ बार बार मार्ग की नपाई ही करती है आज तक कोई भी निर्माण कार्य नही हुआ। बारिश में पैदल निकलने में भी बहुत परेशानी होती है ।ग्रामीणों ने जल्द सीसी रोड और नाली निर्माण की मांग की है।

---

प्रयोगशाला में जांच के दौरान अमानक निकले बीज, चार विक्रेताओं पर हुई कार्यवाही

# अमानक बीज विक्रय करने पर प्रशासन की सख्ती, प्राधिकार पत्र किया निलंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

किसानों को गुणवत्ता पूर्ण खाद-बीज एवं कीटनाशकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने सघन जांच अभियान चलाने और प्रयोगशाला में नमूनों की जांच करवा कर अमानक खाद-बीज एवं कीटनाशक औषधि विक्रेताओं के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करने के कलेक्टर आशीष तिवारी द्वारा दिए गए निर्देश के पालन में अमानक बीज का विक्रय करने पर जिले के 4 विक्रेताओं का बीज विक्रय विक्रय प्राधिकार पत्र तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। यह कार्रवाई दुकान से लिए गए बीजों के नमूने प्रयोगशाला जांच में अमानक पाये जाने के बाद बीज गुण नियंत्रण आदेश 1983 की धारा 15 के अंतर्गत की गई है।



### इन पर हुई कार्रवाई

कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर की गई इस कार्यवाही के संबंध में अनुज्ञापन अधिकारी एवं उपसंचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास डॉ. आर एन पटेल ने बताया कि मेसर्स जनता बीज भण्डार (प्रो. हिमांशु थारवानी) पहरूआ मंडी रोड कटनी, के बीज विक्रय संस्थान से लिया गया बीज उत्पादक संस्था- महागुजरात सीड प्रा. लिमिटेड का सरसों बीज नमूना किस्म सरिता-333 टीएल प्रयोगशाला जांच में अमानक स्तर का पाया गया। इसलिए मेसर्स जनता बीज भण्डार को प्रदाय किया बीज विकय प्राधिकार पत्र रजिस्टेशन, जो 27 फ़रवरी 2029 तक वैध था,को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।इसी प्रकार मेसर्स किसान कृषि सेवा केंन्द्र (प्रो. शिवा पटेल) स्लीमनाबाद विकासखण्ड बहोरीबंद के बीज विक्रय संस्थान से बीज उत्पादक संस्था- जेता सीड्स प्रा. लिमिटेड का लिया गया गेहूँ बीज नमूना किस्म डी बी डब्ल्यू-303 सी एस प्रयोगशाला जांच में अमानक स्तर का पाया गया। मेसर्स किसान कृषि सेवा केंन्द्र को जारी बीज विक्रय प्राधिकार पत्र,जिसकी वैधता अवधि 23 अगस्त 2029 तक थी,को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। इसके अलावा मेसर्स अग्रहरि कृषि केंन्द्र (प्रो. मनोज अग्रहरि) स्लीमनाबाद विकासखण्ड बहोरीबंद, के बीज विक्रय संस्थान से बीज उत्पादक संस्था- भारतीय बीज सहकारी समिति लिमिटेड द्वारा लिया गया गेहूँ बीज नमूना किस्म डी बी डब्ल्यू-303 सी एस को प्रयोगशाला जांच में अमानक स्तर का पाया गया। इसलिए मेसर्स अग्रहरि कृषि केंन्द्र को प्रदाय किया गया 30 जुलाई 2027 तक के लिए वैध बीज विक्रय प्राधिकार पत्र को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। इसके अतिरिक्त मेसर्स माँ दुर्गा कृषि केंन्द्र (प्रो. सचिन गुप्ता) बहोरीबंद को बीज नियंत्रण आदेश 1983 के नियम-8 (ए) एवं 8 (बी) तथा नियम-9 एवं 18(1) के उल्लंघन बावत कारण बताओं नोटिस जारी कर तीन दिवस के भीतर जबाव प्रस्तुत करने हेतु कहा गया था। लेकिन संबंधित द्वारा कोई जबाव प्रस्तुत नहीं किया गया। इसलिए मेसर्स माँ दुर्गा कृषि केंन्द्र को प्रदाय 12 जुलाई 2028 तक के लिए वैध प्राधिकार पत्र को निरस्त कर दिया गया है और संबंधित विक्रेता संस्थान को निर्देशित किया गया है कि वे संस्थान में उपलब्ध समस्त फसल बीज स्कन्धों का विक्रय एक माह की अवधि के अन्दर कर लें, अन्यथा एक माह पश्चात शेष बचे बीजों को राजसात कर लिया जावेगा।

### सख्त कार्यवाही के निर्देश

कलेक्टर आशीष तिवारी ने उर्वरकों की कालाबाजारी, अवैध भंडारण, टैगिंग, मिस ब्रांडिंग, गुणवत्ताहीन उर्वरक एवं कीटनाशकों की बिक्री करने वाले और अवैध परिवहनकर्ताओं सहित इस प्रकार के कार्यों में संलिप्त लोगों के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम सहित अन्य धाराओं के तहत एफआईआर कराने जैसी कार्रवाई के भी सख्त निर्देश कृषि अधिकारियों को दिए हैं। कलेक्टर श्री तिवारी ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि अन्नदाता, किसानों के साथ किसी भी प्रकार की धोखाधड़ी करने और अधिक मूल्य पर और अमानक खाद-बीज व कीटनाशक बेचने वाले विक्रेताओं को बख्शा नहीं जाए, सख्त कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाये और खाद-बीज व कीटनाशी औषधि विक्रेताओं का लायसेंस निलंबित करें।

---

# छात्रों को गलतियां बताने एवं सुधार कराने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



डाइट कटनी की टीम द्वारा शैक्षिक उन्नयन के लिए विद्यालयों की परिणाम मूलक मॉनिटरिंग लगातार की जा रही है। इसी क्रम में शासकीय एकीकृत माध्यमिक शाला जुहला में अकादमिक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान, प्राचार्य श्रीमती एमपी डुंगडुंग द्वारा कक्षा 6 के बच्चों के समक्ष ग्लोब की अवधारणा का प्रदर्शन किया गया। मूल्यांकन प्रभारी डाइट फैकेल्टी राजेंद्र असाटी द्वारा छात्रों की अभ्यास पुस्तिकाओं एवं एड ग्रेड पुस्तिकाओं का अवलोकन किया गया। साथ ही संबंधित शिक्षक एवं शिक्षिकाओं को कॉपियों की जांच करते हुये समय हुए छात्रों को उनकी त्रुटि से अवगत कराने एवं सुधार करने हेतु निर्देश दिए गए।

कक्षा 5 का अकादमिक स्तर संतोषजनक पाया गया। फैकल्टी उमाशंकर सैनी ने कक्षा 3 में कुल 6 छात्रों का अंग्रेजी विषय में स्पेलिंग टेस्ट किया जिसमें सुधार की गुंजाईश पाई गई। डाइट फैकल्टी ज्योति श्रीवास्तव ने कक्षा चार में बच्चों से गणित एवं हिंदी विषय पर चर्चा की। गणित विषय में बच्चों से भिन्न पर बातचीत हुई। बच्चों के कॉन्सेप्ट्स क्लियर थे। हिंदी विषय में भी बच्चे पढ़ और समझ पा रहे थे प्रश्नों के जवाब भी दे रहे थे। हिंदी विषय का स्तर ठीक पाया गया। कक्षा आठ में बच्चों से गणित में वर्ग और वर्गमूल पर चर्चा की गई। उन बच्चों ने प्राथमिक कक्षाओं में वर्ग एक ऐसा चतुर्भुज जिसकी सभी भुजाएं बराबर हो, पढ़ा हुआ था तथा कक्षा आठ में शिक्षिका वर्ग को किसी संख्या का उसी संख्या में गुणा पढ़ा रही थी।

डाइट फैकल्टी राकेश सिन्नरकर ने प्राथमिक स्तर पर पढ़ें गये वर्ग और आठवीं में पढ़ाये जा रहे वर्ग में आपसी संबंध को समझाया गया तथा वर्ग और वर्गमूल पर चर्चा करते हुए उसे ज्ञात करने की विधि स्पष्ट की गई। कक्षा तीन के बच्चों का शिक्षा एम पी ऐप पर आकलन किया गया।

विद्यालय में विद्यालय प्रभारी को प्रतिदिन पुस्तकालय संचालित करने तथा पुस्तकों की प्रविष्टि बच्चों के कार्ड में करने के निर्देश दिए गए। इस शाला की फॉलो अप मॉनिटरिंग 15 दिवस पश्चात पुनः की जाएगी।

---

डाबर इंडिया एवं सुहाना मसाला जैसी बड़ी कंपनियों ने उत्पादों को खरीदने दिखाई रूचि

# दो ब्लाकों के 300 किसानों ने किया हल्दी, अदरक, अश्वगंधा और तुलसी की खेती

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

प्राकृतिक, औषधीय और बागवानी फसलों की खेती को प्रोत्साहित करने के संबंध में कलेक्टर आशीष तिवारी द्वारा अधिकारियों को दिए निर्देशों के बाद जिले के ढीमरखेड़ा और बडवारा क्षेत्र के करीब 300 किसानों ने खेती-किसानी के नए तरीकों को अपनाकर हल्दी,अदरक, अश्वगंधा और तुलसी की खेती में हाथ आजमाया है। इनकी अच्छी खासी मात्रा में उपज होने की संभावना है। डाबर इंडिया लिमिटेड और महाराष्ट्र बेस्ड सुहाना मसाला जैसी कई बड़ी कंपनियां जिले के इन उत्पादों को खरीदने के प्रति दिलचस्पी जाहिर की है।

किसानों को इन उत्पादों का बेहतर दाम दिलाने और अन्य सुविधाएं मुहैया कराने के लिए एफपीओ संगम बीडी फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी बनाई गई है।जो नीमच मंडी,डाबर इंडिया लिमिटेड और सुहाना मसाला जैसी प्रतिष्ठित कंपनियों के प्रबंधन से यहां के उत्पादों को अच्छी कीमत देने के संबंध में लगातार बातचीत कर रहे हैं।

पर्यावरणविद् एवं मानव जीवन विकास समिति के सचिव निर्भय सिंह ने बताया कि राज्य शासन के कृषि विभाग के आत्मा, नाबार्ड के नानबाडी और मानव जीवन विकास समिति द्वारा 300 कृषकों को अश्वगंधा,अदरक,हल्दी और तुलसी के निःशुल्क बीज देकर खेती के लिए प्रोत्साहित किया। बीते साल भी किसानों को अश्वगंधा के निःशुल्क बीज दिए गए थे और किसानों ने करीब 25 एकड़ में अश्वगंधा की खेती भी की थी।इसे नीमच कृषि उपज मंडी में 25 हजार रुपए में बेंचा गया। जिसका सीधा लाभ उत्पादक किसानों को हुआ।

एक अनुमान के मुताबिक इन सभी किसानों को मिलाकर करीब 500 से 600 क्विंटल अदरक, 1500 से 1600 क्विंटल हल्दी और करीब 100 किलो तक तुलसी की उपज होना संभावित है। इसके अलावा अश्वगंधा की भी इस साल अच्छी उपज है। पर्यावरणविद् श्री सिंह ने बताया कि नाबार्ड के टीडीएफ फंड के अंतर्गत नानबाड़ी परियोजना के तहत ढीमरखेड़ा विकासखंड के 8 गांव क्रमशः कोठी, हर्रई, सगौना, सिवनी, दैगवां, दियागढ़, उमरपानी और छाहर सहित बडवारा के गांवों में भी अश्वगंधा, हल्दी,अदरक और तुलसी की खेती की जा रही है।

सचिव निर्भय सिंह बताते हैं कि परंपरागत खेती से हटकर अश्वगंधा, हल्दी,अदरक और तुलसी की खेती के लिए शुरुआती दौर में ग्रामीणों और किसानों के मन में हिचक और कई तरह की आशंकाएं रहीं। लेकिन इस साल करके देख लेते है, अगर सफलता नहीं मिली तो अगले साल परंपरागत खेती ही करेंगे। लेकिन वही किसान अब कह रहे हैं कि खेती के नये तरीकों को अपनाने का अनुभव शानदार रहा है। अब आगे साल भी हम सब और बड़े रकवे में इसकी खेती करेंगे।

---

## तिलक कॉलेज में प्रोजेक्ट मॉडल कार्यक्रम का आयोजन



प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय कटनी में वनस्पति विज्ञान विभाग एवं इको क्लब के संयुक्त तत्वावधान में प्रोजेक्ट मॉडल प्रस्तुत कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक जागरूकता, रचनात्मक सोच और पर्यावरण संरक्षण के प्रति उत्तरदायित्व की भावना को प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम में महाविद्यालय के विज्ञान संकाय के विद्यार्थियों ने पर्यावरण एवं वनस्पति विज्ञान विषयों पर आधारित नवाचार प्रोजेक्ट और तकनीकी ज्ञान को देखते हुए विषय विशेषज्ञों ने सक्रिय रूप से योगदान दिया तथा सभी विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य डॉ सुनील कुमार बाजपेई ने सभी विजेताओं एवं प्रतिभागियों को बधाई देते हुए भविष्य में ऐसे आयोजनों को और अधिक प्रभावी रूप से जारी रखने की बात कही।

---

# श्रीरामचंद्र के पथ गमन के तहत कटनी क्षेत्र की ऐतिहासिक महत्व की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देशानुसार एवं श्रीरामचन्द्र पथ गमन न्यास, भोपाल के परिपालन में शासकीय कन्या महाविद्यालय में श्रीरामचन्द्र पथ गमन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



छात्रा वंदना सिंह के द्वारा श्रीरामचन्द्र कृपालु भजुमन गायन से किया गया। इसके पश्चात प्राचार्य डॉ. चित्रा प्रभात के द्वारा श्रीरामचंद्र की जीवनी एवं कार्यक्रम की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला एवं उन्होंने श्रीरामचंद्र के पथ गमन के तहत कटनी क्षेत्र की ऐतिहासिक महत्व की जानकारी दी।

कार्यक्रम के अंतर्गत भजन प्रतियोगिता, चित्रकला तथा प्रश्नमंच प्रतिगयोगिता का आयोजन किया गया। भजन प्रतियोगिता में 10 छात्राओं ने सहभागिता की, जिसमें प्रियांशी बैरागी प्रथम स्थान, खुशी मिश्रा एवं दिव्यांशी मिश्रा ने द्वितीय स्थान एवं लक्ष्मी रैदास ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार श्रीरामचंद्र के जीवन पर आधारित प्रश्नमंच प्रतियोगिता में 19 छात्राओं ने भाग लिया जिसमें अंकिता चतुर्वेदी प्रथम स्थान, प्रतिभा पाण्डेय द्वितीय स्थान एवं सोनम पटेल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जबकि श्रीरामचंद्र के जीवन पर आधारित चित्रकला प्रतियोगिता में मानवी शुक्ला प्रथम स्थान, निधि शुक्ला द्वितीय एवं रोशनी यादव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

कार्यक्रम में महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. विमला मिंज, डॉ. रश्मि चतुर्वेदी, डॉ. अमिताभ पाण्डेय, डॉ. रोशनी पाण्डेय, के. जे. सिन्हा, बंदना मिश्रा, मिथलेश्वरी मरावी, शिल्पी कुमारी मौजूद रहीं।

---

रथ भ्रमण के माध्यम से चलाया जा रहा है जागरूकता अभियान

# किसानों को नरवाई प्रबंधन की जानकारी देकर पराली नहीं जलाने किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

किसान भाईयों को पराली जलाने से होने वाले नुकसान से अवगत कराने हेतु विकासखण्ड रीठी के ग्राम बिलहरी में कृषि अभियांत्रिकी विभाग द्वारा रथ भ्रमण के माध्यडम से नरवाई प्रबंधन जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान कृषि अभियांत्रिकी विभाग के उपयंत्री संदीप पीपडा, जनपद पंचायत रीठी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी व कृषि विभाग के ग्रामीण विकास अधिकारी उपस्थित थे।



रथ भ्रमण के दौरान किसानों को जानकारी देते हुये बताया गया कि नरवाई जलाने से खेतों की मिट्टी में जो उपयोगी मित्र कीट होते हैं, वह जल कर खत्म हो जाते हैं तथा मिट्टी की उपरी परत भी जल जाती है, इससे न केवल मिट्टी की उर्वरा शक्ति घटती है। बल्कि, तथा उत्पादन कम होता है। साथ ही पराली जलाने से वायु भी प्रदूषित होती है, जिससे पर्यावरण को नुकसान पहुंचता है और कई प्रकार की गंभीर बीमारियां फैलती है।

पराली जलाने पर शासन द्वारा जुर्माने के तौर पर अर्थदण्ड लगाया जाता है। इसके तहत 2 एकड़ से कम भूमि वाले किसान पर 2500 रूपये प्रति घटना, 2 एकड से अधिक और 5 एकड़ से कम भूमि वाले कृषकों पर 5 हजार रूपये प्रति घटना और 5 एकड़ से अधिक भूमि वाले कृषकों पर 15 हजार रूपये प्रतिघटना अर्थदण्डध का प्रावधान है।

नरवाई प्रबंधन के अंतर्गत कृषि यंत्र जैसे सुपर सीडर, हैप्पी सीडर, जीरो टिलेज सीड कम फर्टीलाईजर सीडिड्रडूल आदि कृषि उपयंत्रो के उपयोग से नरवाई जलाने की आवश्यकता नहीं पड़ती जिससे पर्यावरण सुरक्षित रहता है।

सुपर सीडर या हैप्पी सीडर कृषि यंत्र बोनी करने के साथ-साथ खेत में लगे नरवाई को भी काटकर मिट्टी में मिला देता है, जिससे नरवाई मिट्टी में मिलकर सड़ कर खाद बन जाती है। इससे मिट्टी की उर्वरा शक्ति बढती है तथा उत्पादन भी अच्छा होता है। साथ ही श्रम व लागत में भी कमी आती है। साथ ही पराली जलाने से लगने वाले अर्थदण्ड से भी बचा जा सकता है। नरवाई प्रबंधन के एक अन्य यंत्र बेलर का उपयोग कर नरवाई के बंडल बनाकर उसे बेच कर लाभ कमा सकते हैं। वहीं नरवाई प्रबंधन यंत्र स्ट्रारीपर के उपयोग से भी नरवाई न जला कर उससे भुसा बनाकर पशु अहार तैयार किया जा सकता है।

---

महाविद्यालय में एड्स दिवस पखवाड़ा कार्यक्रम अंतर्गत विभिन्न गतिविधियां

# चित्रकला प्रतियोगिता से एड्स के प्रति किया गया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शासकीय महाविद्यालय बरही में रेड रिबन क्लब एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा विश्व एड्स दिवस के उपलक्ष्य में प्राचार्य प्रो. आर. के. त्रिपाठी के मार्गदर्शन, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अरविंद सिंह के नेतृत्व एवं डॉ. सुनीता सिंह के संयोजकत्व में एचआईवी एड्स जागरूकता के प्रति जन जागरूकता फैलाने के लिए ररुकावटों पर जीत, एड्स प्रतिक्रिया में बदलावर थीम पर विश्व एड्स दिवस पखवाड़ा कार्यक्रम अंतर्गत पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने सहभागिता कर चित्र एवं स्लोगन के माध्यम से लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया। विश्व एड्स दिवस पखवाड़ा के अवसर पर आयोजित पोस्टर व चित्रकला प्रतियोगिता में निर्णायक सौरभ तिवारी, मनोज चौधरी, डॉ. मंजुलता साहू एवं डॉ. रूपा शर्मा द्वारा प्रतिभागियों का मूल्यांकन कर प्रीति बर्मन बी. एस. सी. तृतीय वर्ष को पहला, सतीश कुशवाहा, बी. एस. सी. द्वितीय वर्ष को दूसरा और दिव्या मल्लाह, बी. एस. सी. तृतीय वर्ष को तीसरा स्थान प्रदान किया गया। सभी विजेता प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।



कार्यक्रम मे डॉ. अरविन्द सिंह ने एचआईवी वायरस और उसमे होने वाली वृद्धि की वजह से मनुष्यों में होने वाली विभिन्न समस्याओं पर विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि 1 दिसंबर को हर साल लोगो को एचआईवी एड्स के प्रति जागरूक करने के लिए संपूर्ण विश्व में एड्स दिवस मनाया जाता है। एड्स या एचआईवी के बारे में समाज में मौजूद गलत अवधारणा के कारण लोग खुलकर इस बीमारी के बारे में बात नहीं करते और इससे बचाव नहीं हो पाता है।

एड्स को लेकर हमारे समाज में कई मिथक हैं, जिनके बारे में लोगों में जानकारी की काफी कमी है। एड्स कैसे फैलता है, इससे बचाव के तरीके, इसके टेस्ट, इससे जुड़े मिथक से संबंधित जानकारी दी गई। साथ ही कहां कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य एचआईवी एड्स से जुड़ी भ्रांतियों को दूर करना और विद्यार्थियों एवं लोगों में जागरूकता बढ़ाना हैं। प्राचार्य प्रो. आर. के. त्रिपाठी ने पूरे समाज को एक-जुट होकर एड्स से लड़ने के लिए प्रेरित करने की अपील महाविद्यालय स्टाफ एवं विद्यार्थियों से किया।

कार्यक्रम में प्राचार्य प्रो. आर. के. त्रिपाठी, डॉ. एस. एस. धुर्वे, डॉ. अरविंद सिंह, प्रियंका तोमर, डॉ रश्मि त्रिपाठी, डॉ. सुनीता सिंह, डॉ. के. के. विश्वकर्मा, डॉ. के. के. निगम, डॉ. राकेश दुबे, डॉ. मंजुलता साहू, डॉ. नीलम चतुर्वेदी, मनीष मिश्रा, डॉ. रूपा शर्मा, डॉ अरविन्द शुक्ला, मनोज चौधरी, सौरभ तिवारी, पवन दुबे, अनीता सिंह, डॉ. कृष्णपाल सिंह, सौरभ सिंह, सोनम पाण्डे, रावेंद्र साकेत, पुष्पलता विश्वकर्मा, सुश्री संतोषी तिवारी, दीपक मिश्रा, डॉ अरुण तिवारी मौजूद रहे।

---

# भगवान महावीर स्वामी एवं सुपार्श्वनाथ जी की हुई आगवानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व हुकुमचंद जैन द्वारा निर्मित श्री 1008 चंद्र प्रभ दिगंबर जैन बंगला मंदिर मे नवीन प्रतिमा का आगमन हुआ। आचार्य समय सागर महाराज ससंध के सानिध्य मे जबलपुर मे पंचकल्यायक प्रतिष्ठित कर महावीर भगवान एवं सुपार्शनाथ भगवान के कटनी नगर आगमन पर भव्य आगमनी बंगला मंदिर बाहुबली कॉलोनी एवं समस्त जैन समाज बड़े जैन मंदिर से होती हुई कांच मंदिर हीरागंज से बंगला जैन मंदिर मे प्रवेश हुआ। उसके बाद अभिषेक एवं लघु शांति धारा की गई।



राकेश जैन कक्का ने बताया की आज सोमवर को नवीन प्रतिमाओ का मस्तिका अभिषेक 108 मंत्रो द्वारा एवं बड़ी शांति धारा मुनिश्री 108 पदम सागर जी के सानिध्य मे सम्पन्न होंगी। भव्य जुलुस मे विजय जैन बंगला मंदिर,विजय जैन विश्व, राजकुमार जैन, विमल जैन,शांति कुमार,पप्पू जैन,प्रवीण जैन,ऋषभ जैन, रज्जन जैन य संजय जैन, सोनू जैन, आराधना जैन रोशनी जैन, कल्पना जैन आभा जैन तारा जैन ब्रम्हाचारनी रूचि जैन, मंजू जैन स्मृति जैन रमेशचंद भजन सागर, सतीश जैन,बिहारी जैन तरुण जैन अंकुर जैन,आदित्य जैन,लाभांश जैन, पूर्वी जैन, दीपाली जैन, पिंकी जैन, संगीता जैन, rekha जैन सरोज जैन आदि शामिल रहे।

## खबर संक्षेप

### संदीपनी गार्डन के पास ट्रक जाली तोड़ घर में घुसा

**पन्ना।** बीती देर रात एक ट्रक के अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बने एक घर में जाली तोड़कर जा घुसने का मामला सामने आया है। जानकारी अनुसार पन्ना से कटनी की ओर जा रहा ट्रक पवई नगर के वार्ड क्रमांक एक संदीपनी गार्डन के पास सड़क किनारे बने एक घर में जाली तोड़कर अंदर जा घुसा जिससे पास में रखा दुकान का डिब्बा क्षति ग्रस्त हो गया। गनीमत यह रही कि घर के सभी लोगों को किसी प्रकार की कोई हानि नहीं हुई है। बताया जाता है कि ट्रक चालक शराब के नशे में था,जिसकी वजह से वह ट्रक पर अपना नियंत्रण खो बैठा और ट्रक अनियंत्रित हो गया। घटना की सूचना तत्काल ही पवई पुलिस को दी गई, पुलिस ने मौके पर पहुंचकर ट्रक ड्राइवर को अभिरक्षा में ले जांच शुरू कर दी है।

### टाइगर के हमले में भैंस की मौत, भैंस मालिक का रो-रोकर बुरा हाल

**पन्ना।** जिले के मडैयन क्षेत्र में शनिवार दोपहर एक दर्दनाक घटना सामने आई, जहाँ जंगल की सीमा से लगे इलाके में चरने गई एक भैंस पर टाइगर ने हमला कर दिया। हमले में भैंस की मौके पर ही मौत हो गई, जिसके बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल बन गया है। घटना शनिवार दोपहर करीब 4रू30 बजे की बताई जा रही है। मडैयन निवासी शिवदयाल कुशवाहा, पिता अच्छेलाल कुशवाहा, अपनी भैंसों को रोज़ की तरह चराने के लिए गुदलहा के मडैयन की कच्ची रास्ता पुलिया के पास नाले की ओर ले गए थे। उसी दौरान अचानक झाड़ियों से निकले टाइगर ने एक भैंस पर हमला बोल दिया। हमला इतनी तेजी से हुआ कि शिवदयाल कुछ समझ ही नहीं पाए और देखते ही देखते भैंस ने दम तोड़ दिया। घटना के तुरंत बाद ग्रामीण मौके पर पहुँचे, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। मृत भैंस को देखकर शिवदयाल का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। ग्रामीणों ने वन विभाग से मुआवज़े की मांग की है और इलाके में लगातार टाइगर की सक्रियता को देखते हुए सुरक्षा के इंतजाम बढ़ाने की जरूरत बताई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बीते कुछ दिनों से जंगली जानवरों की आवाजाही बढ़ गई है, जिससे चरवाहों और पशुपालकों में भय का माहौल है। वन विभाग की टीम ने मौके का निरीक्षण कर भैंस के अवशेषों को कब्जे में लिया है तथा हमले की पुष्टि की है। विभाग ने मुआवजा प्रक्रिया जल्द शुरू करने का आश्वासन दिया है।

### रॉयल चिल्ड्रन पब्लिक स्कूल का शैक्षणिक भ्रमण सम्पन्न

**अमानगंज, पन्ना।** रॉयल स्कूल द्वारा आयोजित शैक्षणिक भ्रमण बड़े उत्साह और अनुशासन के साथ सम्पन्न हुआ। इस भ्रमण में छात्र-छात्राओं ने इतिहास, संस्कृति और धरोहरों से प्रत्यक्ष रूप से रूबरू होते हुए ज्ञानवर्धक अनुभव प्राप्त किया।भ्रमण के प्रथम चरण में छात्र-छात्राओं ने ओरछा स्थित रामराजा मंदिर के दर्शन किए। पवित्र एवं ऐतिहासिक वातावरण में बच्चों ने मंदिर की विशेषताओं तथा इसके धार्मिक महत्व को समझा। इसके बाद विद्यार्थियों ने ओरछा किले का भ्रमण किया, जहाँ उन्हें बुंदेलखंड के गौरवशाली इतिहास, स्थापत्य कला और वीर गाथाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।भ्रमण का दूसरा चरण झाँसी में आयोजित हुआ, जहाँ छात्रों ने रानी महल म्यूज़ियम का अवलोकन किया। यहाँ प्रदर्शित प्राचीन मूर्तियाँ, शस्त्र एवं ऐतिहासिक वस्तुएँ बच्चों के लिए अत्यंत ज्ञानवर्धक रहीं। इसके बाद सभी छात्र-छात्राओं ने झाँसी किले का भ्रमण किया और रानी लक्ष्मीबाई के साहस, पराक्रम तथा स्वतंत्रता संग्राम में उनके योगदान के बारे में जाना।पूरे भ्रमण के दौरान छात्रों में उत्साह देखने लायक था। शिक्षकों ने बताया कि इस प्रकार के शैक्षणिक दौरों से बच्चों में इतिहास, संस्कृति और धरोहरों के प्रति जागरूकता बढ़ती है। विद्यालय प्रबंधन ने भ्रमण को सफल बनाने के लिए सहयोग देने वाले सभी शिक्षकों और अभिभावकों का आभार व्यक्त किया।

### नस्ल सुधार ही गौ संरक्षण का सबसे बढ़िया विकल्प

# आखिर सड़कों पर गाय ही आवारा क्यों मिलती हैं, भैस क्यों नहीं..?



### सड़कों पर भटकती गौवंशः एक दर्दनाक विडंबना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

हमारी संस्कृति में गाय को माँ का दर्जा दिया गया है, जिसे 'गोमाता' कहकर पुकारा जाता है। लेकिन आज यही गोमाता सड़कों पर एक दर्दनाक विडंबना का शिकार हैं। दिन हो या रात, शहरों और गांवों की सड़कों पर अक्सर आवारा घूमती गायें दिखाई देती हैं। ये न सिर्फ यातायात के लिए बाधा बनती हैं, बल्कि इनकी खुद की जान भी खतरे में रहती है। बड़े वाहनों से टकराने पर ये बेजुबान जानवर बुरी तरह से घायल हो जाते हैं, और छोटे वाहनों से टकराने पर इंसानों को चोट लगती है। यह समस्या इतनी गंभीर हो चुकी है कि आए दिन दुर्घटनाओं की खबरें सुनने को मिलती हैं।

जब हम इस समस्या की जड़ तक जाते हैं, तो एक कड़वा सच सामने आता है। आखिर भैंस या अन्य दुधारू पशु सड़कों पर क्यों नहीं भटकते? इसका सीधा-सा जवाब है अर्थव्यवस्था। भैंस या उच्च नस्ल की गायें अधिक दूध देती हैं, इसलिए वे अपने मालिकों के लिए आर्थिक रूप से मूल्यवान होती हैं। उनका पालन-पोषण भी ठीक तरह से किया जाता है। इसके विपरीत, कम दूध देने वाली देशी नस्लों की गायें अक्सर अपनी उपयोगिता खो देती हैं। उनके मालिक उन्हें आवारा छोड़ देते हैं, और ये बेचारी गायें सड़कों पर अपना जीवन गुजारने को मजबूर हो जाती हैं।

यह स्थिति केवल जानवरों के प्रति क्रूरता नहीं है, बल्कि हमारी सामाजिक सोच का भी एक प्रतिबिंब है। हम केवल उन्हीं चीजों को महत्व देते हैं, जो हमारे लिए फायदेमंद होती हैं। इस दृष्टिकोण ने न सिर्फ गौवंश को असहाय बनाया है, बल्कि यह हमारी मानवीय संवेदनाओं पर भी एक बड़ा प्रश्नचिह्न लगाता

है। इस समस्या का समाधान केवल भावनात्मक नहीं, बल्कि व्यावहारिक भी होना चाहिए। सरकार और समाज दोनों को मिलकर इस दिशा में काम करना होगा। सड़कों पर घूमने वाले आवारा सांडों को गौ अभ्यारण्यों में भेजा जा सकता है या उनके बधियाकरण (नसबंदी) की व्यवस्था की जा सकती है। इसके साथ ही, कृत्रिम गर्भाधान जैसी आधुनिक तकनीकों के माध्यम से नस्ल सुधार पर जोर देना चाहिए। इससे देशी नस्लों की दूध देने की क्षमता बढ़ेगी, और लोग उन्हें सड़कों पर छोड़ने के बजाय घर में रखना पसंद करेंगे। जब गौवंश आर्थिक रूप से मूल्यवान होगा, तो उसका संरक्षण भी अपने आप ही होगा। सड़कों पर भटकती गायें सिर्फ एक यातायात समस्या नहीं हैं, बल्कि यह हमारे नैतिक और सामाजिक मूल्यों की एक परीक्षा है। यह समय है जब हमें इस समस्या को गंभीरता से लेना चाहिए और ऐसे ठोस कदम उठाने चाहिए, जिससे हमारी 'गोमाता' सड़कों पर भटकने के बजाय सुरक्षित और सम्मानित जीवन जी सकें।

### 23 जुलाई 2023 में आई बाढ़ से कई किसानों की जमीन हुई थी बर्बाद

# बाढ़ से बहा पौड़ी जलाशय दोबारा बनेगा निर्माण कार्य का हुआ भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा

वर्ष 2023 में ज्यादा बारिश होने पर बाढ़ में फूटा पौड़ी जेतगढ़ जलाशय अब दोबारा बनने का रास्ता साफ हो गया है। जल संसाधन विभाग की ओर से बनाए गए डीपीआर के आधार पर सरकार ने 194 लाख रुपए की स्वीकृति दी है। टेंडर प्रक्रिया के बाद शनिवार को जबेरा के विधायक और मध्यप्रदेश में राज्यमंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी ने जलाशय के पुर्ननिर्माण के लिए भूमिपूजन किया। यह तालाब बनने से आसपास के चार ग्रामों के किसानों को लाभ होगा।दरअसल जब जलाशय फूटा था, आसपास के किसानों की सिंचाई बंद हो गई थी। दो साल में किसान केवल बारिश के सीजन की फसल ले पाए, बाकी पानी न होने से खेत खाली रह गए थे। आसपास के नालों से भी सिंचाई नहीं हो पा रही थी। जिसके बाद दोबारा विभाग के अधिकारियों ने डीपीआर तैयार किया था। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि जलाशय टूटने के बाद इस मामले में विभागीय जांच के चलते देरी हुई थी। लेकिन अब जांच के बाद रास्ता साफ हो गया है। विभाग के ईई रविदीप बेन के मुताबिक तालाब का निर्माण कार्य दो साल में पूरा होगा। इसके बनने के बाद भी किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त संसाधन हो जाएगा

### किसानों को पर्याप्त पानी मिलेगाः राज्यमंत्री

भूमिपूजन के दौरान मंत्री लोधी ने कहा कि जलाशय फूटने से जिन-जिन किसानों का नुकसान हुआ था, उन्हें अब परेशान होने की जरूरत नहीं है। उनके लिए इसी जलाशय से दोबारा पानी मिलेगा। पूरा आंकलन करने के बाद भी। जलाशय का निर्माण किया जा रहा है। यह पहले से कहीं ज्यादा मजबूत बनेगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने क्षेत्र में विकास कार्य के लिए पर्याप्त राशि देने के लिए कहा है। उनका कहना है कि विकास कार्यों की जो भी मांग करेंगे उनको पूरा किया जाएगा। बीजेपी विकास कार्यों को लेकर काम कर रही है, कांग्रेस ने किसानों को 18 प्रतिशत ब्याज पर ऋण दिया लेकिन भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने किसानों को० प्रतिशत ब्याज पर ऋण देने का काम किया। इतना ही नहीं किसान सम्मान निधि के माध्यम से प्रतिवर्ष ₹12000 देने का कार्य कर रही है, जिससे किसान समृद्धि की ओर बढ़ रहे हैं। उन्होंने किसानों को आश्वासन दिया कि आने वाले समय में पुछी का तालाब भी 166 करोड़ रुपए की लागत से बनेगा। जिससे लगभग 20 ग्रामों के किसान लाभान्वित होंगे इस दौरान तारादेही मंडल अध्यक्ष मनोहर सिंह लोधी पौड़ी सरपंच बसोरी सिंह लोधी सहित अन्य नेता अधिकारी जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

# प्राकृतिक खेती हाट बाजार का किया निरीक्षण



**दमोह।** जिले में जटाशंकर पार्क के पास आज रविवार सुबह 10 बजे से 4 तक 52 वां जैविक/प्राकृतिक खेती हाट बाजार लगाया गया कलेक्टर दमोह श्री सुधीर कुमार कोचर द्वारा जैविक हाट बाजार का निरीक्षण किया एवं कई उत्पाद खरीदे तथा किसानों द्वारा बनाए गए बुंदेली गुलगुला का स्वाद भी चखा। इस दौरान उन्होंने किसानों की समस्याएं एवं सुझाव सुन सबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। परियोजना संचालक आत्मा जे.एल. प्रजापति ने बताया अब जैविक/ प्राकृतिक खेती हाट बाजार सप्ताह में दो दिन रविवार एवं बुधवार को नई जगह लगाया जाएगा, तिब्बती मार्केट के बगल से आदर्श आंगनवाड़ी केंद्र एवं किशोर न्यायालय के पास लगाया जाएगा। आगामी समय में विकासखंड हटा एवं पथरिया में भी जैविक/प्राकृतिक खेती हाट बाजार लगाए जाने की रणनीति तैयार की जा रही हैं।

### रेंजर की मनमानी के खिलाफ स्थानीय लोगों ने सौंपा ज्ञापन

**पन्ना।** *पन्ना टाइगर रिजर्व अंतर्गत मडला रेंज में पदस्थ रेंजर राहुल पुरोहित की मनमानी को लेकर स्थानीय लोगों ने कलेक्टर तथा क्षेत्र संचालक के नाम ज्ञापन सोपा है ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि सरकार द्वारा जो भी मजदूरी के कार्य वन विभाग के अंतर्गत रेंज क्षेत्र में चल रहे हैं उनमें स्थानीय लोगों को मजदूरी दी जाए तथा उन्हें रोजगार दिया जाए लेकिन रेंजर द्वारा बाहरी लोगों से एवं ट्रैक्टर तथा जेसीबी मशीनों से कार्य करवाए जा रहे हैं जिससे स्थानीय लोग रोजगार से वंचित हैं सरेआम जेसीबी मशीन चलाई जा रही है जबकि वन क्षेत्र अंतर्गत जेसीबी मशीन या अन्य आवाज देने वाली मशीन पूर्ण रूप से प्रतिबंधित है क्योंकि इससे वन जीवों काफी परेशानी होती है लेकिन रेंजर पुरोहित मनमर्जी ढंग से कार्य कर रहे हैं स्थानीय लोगों ने संबंधित रेंजर के खिलाफ तत्काल कार्यवाही करने की मांग की है।*

# कलहरा में धान खरीदी केंद्र का हुआ शुभारंभ

### किसानों का पुष्पमाला से किया स्वागत



**जबेरा।** जनपद पंचायत जबेरा ग्राम के समीपस्थ ग्राम कलहरा में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की औपचारिक शुरुआत शनिवार को भगवान कलचुरी वेयर हाउस में सेवा सहकारी समिति कोरता के द्वारा की गई। उक्त शुभारंभ के अवसर पर सांसद प्रतिनिधि रूपेश सेन मंडल अध्यक्ष जबेरा बंटी उर्फ कृष्णकांत दुबे ने कांटों का पूजन करके खरीदी प्रक्रिया की शुरुआत की। उक्त अवसर पर सांसद प्रतिनिधि रूपेश सेन ने कहा कि यह केंद्र शासन द्वारा किसानों की सुविधा के लिए प्रारंभ किया गया है सभी किसान अपनी उपज लेकर के इस केंद्र में तु लाई करवा सकते हैं। खरीदी केंद्र में पदस्थ समस्त कर्मचारियों से कहा कि खरीदी प्रक्रिया शासन के तय मानकों के अनुसार सुचारू रूप से की जावे केंद्र में आने वाले किसी भी किसान को किसी भी प्रकार की कोई समस्या ना हो। उक्त अवसर पर केंद्र में पहुचे प्रथम किसान अजीत अवस्थी एवं कोमल राय का तिलक लगाकर एवं पुष्पमाला से स्वागत किया गया जिस से वातावरण में खुशी का माहौल झलक उठा। उक्त केंद्र में आज खरीदी के उद्घाटन अवसर पर भाजपा जिला मंत्री रानू नामदेव, सत्येंद्र सिंह लोधी एवं सेवा सहकारी समिति प्रबंधक कोरता संजय राय सहित अनेक लोगों के साथ कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

# सशस्त्र सेना झण्डा दिवस मनाया



**दमोह।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय दमोह में प्राचार्य डॉ. आलोक कुमार जैन के मार्गदर्शन में और 11 म.प्र. बटालियन एनसीसी सागर के कमान अधिकारी कर्नल प्रताप मोहन्ती के निर्देशन में सशस्त्र सेना झण्डा दिवस मनाया गया है। एनसीसी अधिकारी डॉ के.एस.बामनिया ने बताया कि यह एक महत्वपूर्ण दिवस है जो प्रतिवर्ष 7 दिसम्बर को मनाया जाता है। इसका उद्देश्य भारतीय सशस्त्र बलों के जवानों और उनके परिवारों के प्रति सम्मान और समर्थन दिखाना है, जिन्होंने देश की सेवा में अपने जीवन का बलिदान दिया है और कठिन परिस्थितियों में सेवा की है। इस दिन, देश भर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं, जिनमें सेना के जवानों और उनके परिवारों के कल्याण के लिए धन एकत्रित करने का कार्यक्रम भी शामिल है। यह दिवस हमें भारतीय सशस्त्र बलों और उनके परिवारों के प्रति सम्मान, कृतज्ञता व्यक्त करना, उनके योगदान को सम्मानित करने के लिए प्रेरित करता है। इस दिवस पर लोग झण्डे खरीदते हैं और सैनिकों के कल्याण के लिए दान देते हैं। महाविद्यालय में एनसीसी कैडेट्स और अन्य विद्यार्थियों को सशस्त्र सेना झण्डा दिवस की फिल्म दिखाकर उसके महत्व की जानकारी दी गई है। इस अवसर सीनियर कैडेट अनुराग रजक, नीरज विश्वकर्मा, श्रेय सोनी, हरिदास अहिरवार, नीरजसिंह और अन्य विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

# तालाब किनारे धूप का आनंद लेते दिख रहे मगरमच्छ



**तेन्दूखेड़ा।** वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व में इन दिनों मगरमच्छ सैलानियों के आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। सैलानियों को तालाबों के किनारे या बीच में बने टापुओं पर धूप सेंकते हुए मगरमच्छ दिखाई दे रहे हैं जिन्हें देख सैलानी रोमांचित हो रहे हैं। सबसे ज्यादा मगरमच्छ बमनेर नदी के चकई घाट में है जिनकी लंबाई पंद्रह फीट से अधिक तक है। वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व 2019 के बाद जहां बाघों से आबाद हो रहा है तो यहां पर मगरमच्छों का कुनबा पहले सी बढ़ रह है। ठंड के दिनों में मगरमच्छ किनारों पर तालाब और नदी के बीच टापुओं पर धूप सेंकते दिखाई देते हैं। टाइगर रिजर्व की जीवनरेखा बमनेर नदी के चकई सहित विभिन्न घाट, खपराखेरा जमरासीखेरा व छेवला तालाब में विशाल मगरमच्छ हैं। अन्य सीजन में तो मगरमच्छ कभी कभार दिखाई देते हैं लेकिन ठंड में इन्हें दिन भर देखा जा सकता है। वन विभाग द्वारा मगरमच्छों को धूप सेंकने के लिए तालाबों के बीच टापू भी बनाए गए हैं।

# भारतीय शक्ति चेतना पार्टी की ब्लॉक स्तरीय बैठक संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



भगवती मानव कल्याण संगठन एवं भारतीय शक्ति चेतना पार्टी ब्लॉक तेंदूखेड़ा की पदाधिकारी कार्यकारिणी बैठक ग्राम तारादेही में संपन्न हुई। जिसमें पार्टी को मजबूती प्रदान करने हेतु कार्यकर्ताओं को आवश्यक निर्देशन प्रदान किए गए। आगामी 9 दिसंबर परमहंस योगीराज शक्तिपुत्र जी महराज के जन्मदिवस के उपलक्ष्य अधिक से अधिक आरती चालीसा पाठ क्रम करने का आग्रह किया गया। एवं तारादेही थानांतर्गत ग्राम विभिन्न ग्रामों सर्रा भैंसा, बम्होरी तिराहा,तेजगढ़ तिराहा, हाई स्कूल के बाजू में, थाने के बाजू में अवैध रूप से मांस मछली की दुकान खुले में संचालित हो रही है। जिसको बंद कराने के लिए भगवती मानव कल्याण संगठन एवं भारतीय शक्ति चेतना पार्टी शाखा तेंदूखेड़ा के कार्यकर्ताओं द्वारा ज्ञापन सौंपा गया। एवं बोला गया कि पांच दिवस के अंदर कार्यवाही की जाए अन्यथा संगठन उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा। जिसमे भगवती मानव कल्याण संगठन ब्लॉक अध्यक्ष राजेश सिंह, भारतीय शक्ति चेतना पार्टी ब्लॉक अध्यक्ष चंद्रप्रताप सिंह तेकाम,युवा मोर्चा ब्लॉक अध्यक्ष विनोद सिंह, किसान मोर्चा ब्लॉक अध्यक्ष जगदीश यादव, मुकेश सिंह राजा बम्होरी, कोमल सिंह, सुरेन्द्र सिंह आदि कई पदाधिकारीयो की उपस्थिति रही।

# छात्रावास में छात्र को नाश्ता मांगना पड़ा महंगा रसोइया ने लात घूंसे से की पिटाई

**पन्ना।** जिले के अजयगढ़ तहसील अंतर्गत शासकीय अनुसूचित जाति सीनियर बालक छात्रावास में एक छात्रा को रसोईया से नाश्ता मांगना महंगा पड़ गया छात्र नवनीत अहिरवार ने रसोईया रामदेव अहिरवार से नाश्ता मांगा तो उसने देने से इनकार कर दिया जब छात्र द्वारा अधिक भूखा होने की बात कही तथा कहा कि कुछ भी दे दो तो रसोईया भड़क गया और उसने छात्र के साथ लात घूंसे से पिटाई कर दी जिससे छात्रा आहत हुआ है उक्त मामले का वीडियो ही वायरल हो रहा है आगे देखना है विभाग के वरिष्ठ अधिकारी तथा प्रशासनिक अधिकारी क्या कार्यवाही करते हैं छात्रावास में छात्रों के लिए नाश्ता भोजन तथा अन्य व्यवस्थाओं के लिए शासन द्वारा राशि उपलब्ध कराई जाती है लेकिन अधीक्षकों द्वारा उक्त राशि में कटौती करके अपने घर भरे जाते हैं संबंधित के खिलाफ कार्यवाही तत्काल होना चाहिए।

### इनका कहना है-

संपूर्ण मामले की जांच कराई गई है ऐसा कुछ नहीं हुआ है बच्चों में आपसी विवाद हुआ था उसी का वीडियो है रसोईया तथा अधीक्षक से भी बयान लिए गए हैं मारपीट की कोई घटना नहीं है।

**जयप्रताप सिंह भदोरिया जिला संयोजक आदमी जाति विभाग**

# होमगार्ड एवं नागरिक सुरक्षा दिवस मनाया गया

**पन्ना।** होमगार्ड ग्राउण्ड पन्ना में शनिवार को होमगार्ड एवं नागरिक सुरक्षा दिवस का गरिमामय आयोजन हुआ। इस अवसर पर कलेक्टर एवं मुख्य अतिथि ऊषा परमार ने सुमधुर बैंड ध्वनि के बीच परेड का निरीक्षण किया। परेड कमाण्डर सहायक उप निरीक्षक सुरेन्द्र सिंह यादव के नेतृत्व में अलग-अलग टुकड़ियों द्वारा आकर्षक मार्च पास्ट प्रदर्शित कर मुख्य अतिथि को परेड की सलामी दी गई। कार्यक्रम में राष्ट्रपति के संदेश का वाचन किया गया। जिला सेनानी होमगार्ड शालिवाहन पाण्डेय ने आपदा प्रबंधन तथा विभिन्न आपदाओं में राहत बचाव कार्य के संबंध में होमगार्ड की भूमिका के बारे में जानकारी दी। इसके अलावा वालंटियर्स के योगदान तथा राहत बचाव उपकरणों के बारे में भी अवगत कराया। साथ ही स्थानीय पुलिस के साथ मिलकर विभिन्न कार्यों में सहयोग की जानकारी भी दी। कार्यक्रम स्थल पर आपदा से बचाव का डिमांस्ट्रेशन दिखाया गया। कलेक्टर द्वारा उत्कृष्ट कार्य पर प्लाटून कमांडर सत्यपाल जैन सहित होमगार्ड के अन्य अधिकारी-कर्मचारियों को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर मेधावी विद्यार्थियों का भी सम्मान हुआ।

# किशनगढ़ सरपंच पर अभद्र भाषा के आरोप, शिकायतकर्ता से मोबाइल पर की गाली गलौज, ऑडियो वायरल

**पन्ना।** जनपद पवई कि ग्राम पंचायत कृष्णगढ़ के सरपंच सुनील रैकवार एक बार फिर विवादों में आ गए हैं। वार्ड क्रमांक 19 कटरा मोहल्ला निवासी शिकायतकर्ता लोकेंद्र सिंगरौल उर्फ राजा ने आरोप लगाया है कि सीएम हेल्पलाइन 181 पर दर्ज शिकायत को न कटवाने पर सरपंच ने उन्हें फोन कर अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए गाली गलौज की। शिकायतकर्ता के अनुसार, उन्होंने ग्राम पंचायत से संबंधित समस्या को लेकर 181 पर शिकायत दर्ज कराई थी।

आरोप है कि इसी शिकायत को हटवाने के लिए सरपंच सुनील रैकवार द्वारा लगातार दबाव बनाया जा रहा था। जब शिकायतकर्ता ने शिकायत ना कटवाने की बात कही, तो सरपंच सुनील रैकवार ने मोबाइल कॉल के माध्यम से गाली-गलौज व धमकी भरे शब्दों का इस्तेमाल किया। बताया जा रहा है कि सरपंच व शिकायतकर्ता के बीच हुई बातचीत का ऑडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसे लेकर



ग्रामीणों में भी नाराजगी देखी जा रही है। अब ग्रामीणों की नजरें प्रशासन पर टिकी हैं कि वायरल ऑडियो और अभद्र भाषा के प्रयोग को लेकर सरपंच पर प्रशासनिक स्तर पर क्या कार्रवाई की जाती है।

### जागेश्वरधाम कॉरिडोर निर्माण पर उठा विवाद, निरीक्षण में फूटा स्थानियों का गुस्सा

## कलेक्टर बोले अतिक्रमण बाधा नहीं, मंत्री ने कहा काम की टाइमलाइन तय, बाधाएँ दूर की जाएँगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह/बनवार



प्रसिद्ध जागेश्वरधाम कॉरिडोर निर्माण की धीमी गति और गुणवत्ता को लेकर उठ रहे सवालों के बीच शनिवार को प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की टीम अचानक बांदकपुर पहुँची। राज्यमंत्री संस्कृति एवं पर्यटन धर्मेंद्र सिंह लोधी, कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर, एसडीएम आर.एल. बागरी, निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि, पर्यटन विभाग के अधिकारी, सिद्धार्थ मलैया और मंदिर समिति के पदाधिकारियों ने स्थल का विस्तृत निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान स्थानीय लोगों ने कॉरिडोर के पहले फेज़ में हो रही देरी और निर्माण गुणवत्ता पर तीखा विरोध व्यक्त करते हुए कहा कि करोड़ों की स्वीकृति के बावजूद कार्य न तो समय पर दिख रहा है और न ही अपेक्षित स्तर पर।

स्थानीयों ने यह भी आरोप लगाया कि 10 करोड़ की परियोजना में महज 6 करोड़ का बोर्ड लगाकर भ्रम पैदा किया जा रहा है, जिस पर मंत्री और प्रशासन ने स्पष्ट किया कि कॉरिडोर निर्माण तीन अलग-अलग टेंडरों में विभाजित है जिनमें गेट, रोड, गौशाला और जनसुविधा केंद्र का निर्माण, 84 दुकानों का निर्माण और बिजली संबंधी कार्य शामिल हैं। इसी दौरान कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर का बयान चर्चा का केंद्र बना जब उन्होंने कहा कि पहले फेज़ के निर्माण में अतिक्रमण किसी तरह की बाधा नहीं है और जहां जहां कार्य होना है वहां कोई अवरोध मौजूद नहीं है, साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि अब तक उन्हें घटिया निर्माण की कोई आधिकारिक शिकायत नहीं मिली है और यदि कोई ठोस शिकायत आती है तो ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

निरीक्षण के बीच संस्कृति एवं पर्यटन राज्य मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी ने भी स्पष्ट किया कि कॉरिडोर निर्माण लगातार प्रगति पर है लेकिन कार्य की गति अपेक्षा से धीमी है जिसके कारण आज समीक्षा और स्थल निरीक्षण किया गया है। उन्होंने कहा कि सभी कार्यों की टाइमलाइन फिक्स कर दी गई है और जिस कार्य की गति बढ़ाने की आवश्यकता होगी उसे तेजी से आगे बढ़ाया जाएगा। मंत्री ने यह भी स्वीकार किया कि निर्माण में कुछ बाधाएँ सामने आ रही हैं जिन्हें चरणबद्ध तरीके से दूर किया जाएगा ताकि कॉरिडोर समयसीमा के भीतर पूरा हो सके। निरीक्षण के दौरान आगामी मेले और धार्मिक आयोजनों को देखते हुए व्यवस्थाओं पर भी चर्चा हुई। सिद्धार्थ मलैया ने जलभराव की समस्या रखते हुए रिटर्निंग वॉल बनाने का सुझाव दिया। संस्कृत विद्यालय के समीप निर्माण होने के कारण विद्यालय को अस्थाई रूप से अन्य स्थान पर शिफ्ट करने पर भी विचार हुआ जबकि पुलिस चौकी और शौचालय भवन को एक मंजिल ऊँचा करने का प्रस्ताव भी सामने आया।

स्थानीयों की बढ़ती नाराज़गी, प्रशासनिक सफाई और मंत्री द्वारा तय की गई नई टाइमलाइन के बीच एक बड़ा प्रश्न अब भी कायम है कि जब अतिक्रमण बाधा नहीं और कार्य की गति बढ़ाने के निर्देश भी जारी हो चुके हैं, तो कॉरिडोर निर्माण आखिर देरी के चक्रव्यूह से कब बाहर निकलेगा। निरीक्षण के दौरान सिद्धार्थ मलैया, बांदकपुर ट्रस्ट प्रबंधक रामकृपाल पाठक, सरपंच सुनील डबुल्या सहित जनप्रतिनिधि और अधिकारी उपस्थित रहे।

## लापता तीन नाबालिग बच्चियों को पुलिस टीम ने 24 घंटे में किया सकुशल दस्याब



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

दमोह से लापता हुई 3 नाबालिग बच्चियों को पुलिस ने एसपी श्रुत कीर्ति सोमवंशी के निर्देशन में और कोतवाली टीम के अथक प्रयास से 24 घंटे में सकुशल दस्तयाब कर परिवार को सुपुर्द किया। जानकारी के अनुसार दमोह सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के सरदार पटेल स्कूल में पढ़ने वाली तीन नाबालिग छात्राएं घर से स्कूल के लिए निकली थीं, लेकिन स्कूल पहुंची ही नहीं, जिसके बाद परिजनों ने कोतवाली में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इस घटना से शहर में चिंता और सनसनी का माहौल बना और पुलिस ने तत्काल विभिन्न एंगल से जांच शुरू की थी। रिपोर्ट दर्ज होते ही पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज, बस स्टैंड और अन्य संभावित लोकेशनों की जांच, कॉल डिटेल और इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस जैसे साधनों की मदद से ट्रैकिंग तेज की। इसी त्वरित और समन्वित कार्रवाई के कारण 24 घंटे के भीतर तीनों बच्चियों को सकुशल बरामद कर परिजनों के सुपुर्द किया जा सका, जिससे किसी बड़े अनहोनी की आशंका को समय रहते टाला जा सका। यह दिखाता है कि समय पर रेस्पॉन्स, डेटा बेस्ड ट्रेसिंग और फील्ड टीमों की सक्रियता सही दिशा में रही है। पूरी कार्यवाही में सीएसपी एच आर पांडे, कोतवाली टीआई मनीष कुमार, साइबर से सौरभ और राकेश और साथ ही पूरी कोतवाली के टीम ने अथक प्रयास कर सैकड़ों कैमरे खंगाले और बच्चियों को ट्रेस किया।

### प्रशासनिक बिंदु और सीख

- ऐसे मामलों में प्रारंभिक "गोल्डन आवर" की रिस्पॉन्स, कंट्रोल रूम, थाना और फील्ड टीमों के बीच स्पष्ट संवाद सबसे अहम रहता है।
- स्कूल–परिवार–पुलिस के बीच तुरंत सूचना साझा होने से सर्च ऑपरेशन की दिशा सही रहती है और अनावश्यक विलंब नहीं होता।

### बाल सुरक्षा के लिए सुझाव

- अभिभावकों के लिएः बच्चों के नियमित रूट, दोस्तों और डिजिटल एक्टिविटी पर सतत लेकिन संवेदनशील निगरानी, तथा किसी भी असामान्य व्यवहार पर तुरंत संवाद आवश्यक है।
- स्कूलों के लिएः एंट्री एक्जिट रजिस्टर, सीसीटीवी, उपस्थिती मॉनिटरिंग और अनुपस्थिति पर तत्काल अभिभावक को सूचना की प्रणाली को और मजबूत करना उपयुक्त है।

## खकरिया मार्ग पर हर दिन मिनट में लग जाता है जाम, जिम्मेदार अधिकारी बेफ्रिक

### कृषि उपज मंडी तक एक किमी का सफर घंटों में तय कर रहे हैं किसान, लोगों का आरोप अतिक्रमण मुक्त नहीं हो पा रहा यह मार्ग

**तेन्दूखेड़ा।** वाहनों की बढ़ती संख्या, बेतरतीब वाहन पार्किंग एवं मार्गों पर अतिक्रमण की वजह से तेंदूखेड़ा नगर की यातायात व्यवस्था चौपट हो गई है। जिस वजह से मार्गों पर जाम की स्थिति रोजाना देखने मिल रही है। जिससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। बिगड़ी यातायात के कारण सड़कों पर लोगों का चलना मुश्किल हो रहा है। लंबे समय से इस समस्या के निराकरण के लिए स्थानीय नागरिक प्रशासन से गुहार लगाते आ रहे हैं, पर जिम्मेदारों ने इस ओर अब तक कोई प्रयास नहीं किए है। नगर के खकरिया रोड, बस स्टैंड से कृषि मंडी रोड तरफ भारी वाहनों के साथ ट्रैक्टर ट्रॉली, कार, बस और बाइक को लोग मनचाहे तरीके से खड़े कर देते हैं। जिस कारण सड़कों पर जाम लगता है और पैदल चलना भी कई बार मुश्किल हो जाता है।



### दुर्घटना की आशंकाः पैदल चलने से कतराते हैं लोग

इस समय नगर का सबसे व्यस्त खकरिया मार्ग पर चलने वाले लोगों को अब हादसे का डर सताने लगा है। इस मार्ग पर लोग पैदल चलने से कतराने लगे हैं। क्योंकि सड़क के दोनों ओर लोगों का कब्जा है, तो वहीं यातायात व्यवस्था भी चौपट नजर आ रही है स्थानीय लोगों का कहना है कि शासन-प्रशासन बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है। क्योंकि इस मार्ग पर सबसे ज्यादा ट्राफिक दबाव है। दरअसल मार्ग पर स्थित कृषि मंडी के कारण मक्का की खरीदी चल रही है। साथ ही अब धान की खरीदी भी शुरू हो चुकी है जहां किसान दिन-रात मक्का व धान लेकर आ रहे हैं, जो अपने ट्रैक्टर ट्राली में भरकर मंडी आते हैं। वहीं मक्का और धान खरीदी के बाद स्टाक को गोदामों में पहुंचाने के लिए भी परिवहन भी मंडी से ट्रक से किया जा रहा है। जिसके कारण मार्ग पर जाम जैसे हालात बन रहे हैं। हालात ये है कि यहां हर 10 मिनिट में जाम लग जाता है, जो आधा घंटे तक लगा रहता है। गौर करने वाली बात ये हैं कि उक्त समस्या के संबंध में पुलिस-प्रशासन को भी जानकारी है, पर जिम्मेदार अपने दफ्तरों से बाहर निकलना ही नहीं चाहते हैं।

### व्यापारियों ने मार्ग तक फैलाई दुकानें

वहीं दूसरी ओर नगर परिषद द्वारा दी गई दुकानों की सीमा से बाहर जाकर अधिकांश व्यापारियों ने अपनी दुकानें बढ़ा ली हैं। वे सड़क तक अस्थाई शो केस और सामान रखकर दुकान का विस्तार कर लेते हैं और जो व्यापारी विस्तार नहीं किए हुए हैं वह अपनी दुकान के सामने हाथठेलों की दुकाने लगवा लेते हैं। ऐसे व्यापारियों से प्रतिदिन 2 सौ 3 सौ रुपए वसूलते हैं। जिससे सड़क पर चलने के लिए जगह नहीं बचती है। इसके अलावा वाहनों की बेतरतीब पार्किंग भी समस्या को बढ़ा रही है। गौर करने वाली बात ये हैं कि पुलिस और नगर परिषद इस अव्यवस्था को सुधारने में कोई रुचि नहीं दिखा रही है जिससे प्रतीत होता है अधिकारियों द्वारा किसी बड़े हादसे का इंतजार किया जा रहा है तब जाकर इस और कोई पहल और प्रयास किए जा सकेंगे।

## ट्रांसफॉर्मर मौजूद, फिर भी ग्रामीणों को निजी डोरी से लेनी पड़ रही बिजली

**दमोह।** जिले के पथरिया क्षेत्र की ग्राम पंचायत देवलाई के ग्रामीण इन दिनों मूलभूत सुविधा बिजली को लेकर गंभीर परेशानी झेल रहे हैं। ग्राम में चार ट्रांसफार्मर और विद्युत लाइनें तो मौजूद हैं, लेकिन ट्रांसफार्मर से कनेक्शन न जुड़ने के कारण लोगों को मजबूरन अपनी निजी डोरी डालकर बिजली लेनी पड़ रही है। ग्रामीणों के अनुसार, यह समस्या लंबे समय से लगभग 3 से 4 साल से बनी हुई है। कई बार उन्होंने संबंधित विभाग और अधिकारियों से शिकायत कर समाधान की मांग की, लेकिन हर बार उन्हें सिर्फ आश्वासन ही मिला। अब तक किसी भी प्रकार का स्थायी निराकरण नहीं किया गया है। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि वे नियमित रूप से बिजली बिल का भुगतान करते हैं, फिर भी उन्हें सही ढंग से बिजली सुविधा नहीं मिल रही है। समस्याओं के निराकरण की उम्मीद में ग्रामीण अब भी प्रशासन की ओर टकटकी लगाए बैठे हैं।

## शिव सूत्र में समाहित संस्कृति ही प्रकृति की आधारशिला- श्री भगवान वेदांताचार्य



**दमोह।** कृति, विकृति और आकृति में है इस संसार का स्वरूप क्योंकि त्रिगुणात्मक सृष्टि के क्रमिक विकास में जो सहायक है किसी भी रूप में वह शिव का ही अंग है इस लिए पंच भूतों का आधार लिया जाता है जो जगत के पंच तत्त्व के लिए एक कार्य योजना बनाने में मदद करता है जहां तक सवाल है संसाधनों के निर्माण का तो उस में निहित साधन ही स्वतः स्फूर्त हो कर जागृत हो जाते है। जब वैदिक वांग्मय के स्त्रोत्र, पाठ अनुष्ठान जप और तप से आवृत्त हो जाए ऐसा कथन श्री भगवान वेदांताचार्य रसिक जी ने शिव महापुराण की कथा में हरिहरात्मक भक्ति का सूत्रधार बताया पुनः संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि माहेश्वर सूत्रों में विज्ञान की धारा मूर्त रूप से विद्यमान है क्यूंकि धर्म एक सजग प्रहरी है अन्य चारों पुरुषार्थों की रक्षा करने में वह सक्षम है इसलिए सृष्टि की रक्षा करने में भी शिव का योगदान है जिससे प्रकृति पुष्पित और पल्ववित होती है संसार का प्रत्येक प्राणी इस व्यवस्था के अनुसार यदि अपने आचार विचार और संस्कृति को संग्रहित कर निष्पादित करे तो वह प्रकृति के लिए सहायक सिद्ध होगा जहां दूर दूर तक कोई विकृति नहीं होगी। क्योंकि विकृति ही विनाश का कारण है, और सृजन ही सृष्टि इसलिए पुराण श्रवण की आवश्यकता है। जो ईश्वरीय कृति को मूल रूप में स्थापित करने का प्रयास करते है। इस भाव में मानवीय गुण और धर्म मूल स्वभाव के आदर्श को सिंचित करता है। जिसकी सुरक्षा मे हम सभी का गौरव विद्यमान है। जो भविष्य की गर्त से विजय की उद्घोष में समाहित है, वैश्विक समन्वय को स्थापित करने में सहायक उन आदर्शों को सिद्ध करने में शिव सदा सहायक है इसलिए वे सदाशिव कहलाते है जिसका अर्थ सदियों से चलते आ रहे मानव को संस्कृति से जोड़ कर प्राकृति की उपासना में समाहित करने से है। ध्यातव्य हो कि योगिराज महंत श्री राम करण दास त्यागी, श्री राम दास त्यागी जी महाराज, विनोद कुमार दुबे पुरषोत्तम जालान कमलेश केशर, फलाहारी बाबा संत सेवा ट्रस्ट व महामंगल सेवा समिति द्वारा समर्पण की भावना उस वचनवद्धता में है जहां आधारभूत संरचना को बढ़ावा मिले।

## हॉकी खिलाड़ियों का बढ़ाया उत्साह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



सांसद खेल महोत्सव-2025 के तहत दमोह स्टेडियम ग्राउंड स्थित एस्ट्रोटर्फ हॉकी मैदान में लोकसभा स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पशुपालन एवं डेयरी विभाग के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) लखन पटेल ने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया। राष्ट्रगान से कार्यक्रम की शुरुआत हुई, जिसके बाद राज्यमंत्री श्री पटेल ने मैदान में खिलाड़ियों से मुलाकात कर उनका मनोबल बढ़ाया। राज्यमंत्री लखन पटेल ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किया गया सांसद खेल महोत्सव देश के ग्रामीण व शहरी युवाओं के लिए अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का महत्वपूर्ण मंच है। उन्होंने प्रधानमंत्री श्री मोदी जी एवं सांसद राहुल सिंह के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार की पहल से युवाओं को खेलों में आगे बढ़ने के बेहतरीन अवसर मिल रहे हैं। उन्होंने बताया कि पूर्व वित्त मंत्री एवं विधायक जयंत मलैया के प्रयासों से दमोह को संभाग का पहला आधुनिक एस्ट्रोटर्फ हॉकी मैदान प्राप्त हुआ है, जो जिले के खिलाड़ियों के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों की प्रतिभा का उदाहरण देते हुए कहा कि घुवारा की बेटी क्रांति गौड़ आज राष्ट्रीय स्तर की क्रिकेट खिलाड़ी हैं, जो इस बात का प्रमाण है कि अवसर मिलने पर ग्रामीण खिलाड़ी भी देश का नाम रोशन कर सकते हैं। सचिव ललित नायक ने कहा प्रतियोगिता में 8 छात्र व 4 छात्राओं की कुल 12 टीमों ने शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में नरेंद्र व्यास, गोपाल पटेल, रामेश्वर चौधरी, संजय सेन, राघवेंद्र सिंह परिहार, कपिल शुक्ला, भरत यादव, देवकीनंदन पटेल, रिंकू गोस्वामी, भागीरथ पटेल, रमाकांत बाजपेई, ललित नायक, कृष्णा पटेल, महेंद्र राठौर, सृजन असाटी, जुगल अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में खिलाड़ी और गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

### 53 वी बार किया रक्तदान

## बीमारी मुक्त जीवन जीना है तो रक्तदान करें- दीपक सिंह राजपूत



**दमोह।** दमोह स्वास्थ्य विभाग में पदस्थ दीपक सिंह राजपूत एवं मध्य प्रदेश योग आयोग द्वारा नियुक्त जिला योग समिति के जिलाअध्यक्ष, उम्मीद टीम दमोह के सदस्य श्री राजपूत ने 53 वी वार अपना रक्तदान कर गरीब जरूरतमंद बच्ची की मदद की। श्री राजपूत जी ने प्रथम बार रक्तदान सन 1997 में तत्कालीन तहसीलदार जी की माता जी को रक्तदान कर शुरुआत की थी, श्री राजपूत ने बताया कि हमारे शरीर में 5 से 7 लीटर रक्त होता है उपयोग केवल 4 लीटर ही होता है, 2 लीटर व्यर्थ ही पड़ा रहता है अगर यह हम जरूरतमंद गरीब लोगों को दान कर दें, तो हमारा शरीर भी स्वस्थ रहता है और कोलेस्ट्रॉल जैसी समस्या नहीं रहती, आज के समय में हार्ट अटैक जेसी बीमारियों से बचने के लिए रक्तदान अनिवार्य है, रक्त का कोई विकल्प नहीं है अतः 18 से 60 वर्ष के स्वस्थ व्यक्ति जरूरत पड़ने पर रक्तदान कर ईश्वरीय पुण्य जीवन दायिनी कार्य में सहयोगी बने।

## सर्दियों में हाईवे पर बंदरों का बसेरा, हो रहे हादसों के शिकार

### वन्यजीव प्रेमियों ने कहा इस ओर वन विभाग को करना चाहिए जागरुकता पहल और प्रयास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा





क्षेत्र के जंगल में पेड़ों की अवैध कटाई जारी होने से जंगल का क्षेत्रफल सिमटता जा रहा है इस कारण जंगली जानवर बंदरों का बसेरा अब हाईवे बनते जा रहे है। साथ ही अब ठंड व सर्दियों का मौसम भी शुरू हो चुका है जिस कारण बंदरों के झुंड जंगलों से निकलकर हाईवे पर नजर आ रहे हैं और सड़क किनारे धूप का आनंद व सेंकते हुए देखे जा रहे हैं इसके साथ ही राहगीरों द्वारा सड़कों पर खाने की सामग्री डाली जाती है। जिसके कारण यह झुंड सड़क के बीचों-बीच आ जाते हैं और हादसों के शिकार हो जाते हैं। वहीं इन बंदरों को बचाने के चक्कर में कई बार वाहन चालक भी चोटिल हो चुके हैं और बड़े वाहन भी पलटते हैं दरअसल सागर जबलपुर स्टेट हाईवे 15 पर इन बंदरों के झुंड बड़ी संख्या में देखा जा सकते है। साथ ही तेंदूखेड़ा से अभाना तक पक्की सड़क बनने के बाद इस मार्ग पर बड़ी संख्या में बंदर नजर आने लगे हैं। साथ ही इस मार्ग पर अब सबसे ज्यादा आवाजाही भी बढ़ गई है। क्योंकि अभी सागर रहली मार्ग पूरी तरह से बंद है और बड़े वाहन दमोह गढ़ाकोटा होते हुए जाते हैं इसी मार्ग पर सांगा से तेंदूखेड़ा बम्हौरी तक व सांगा से हर्रई तेजगढ़ तक बंदरों का झुंड बैठा रहता है। साथ ही जबलपुर-सागर स्टेट हाईवे 15 पर बम्हौरी से नाग बाबा तक और बगदरी से झलौन के नादिया हार तक बंदरों का बसेरा बना है। जो सड़क के दोनों तरफ झुंड में बैठे रहते हैं और जब कोई वाहन चालक मार्ग से होकर गुजरता हैं तो वे खाने की सामग्री रोड पर ही डालकर चले जाते हैं। खाने की सामग्री देखकर बंदर उसे लेने के लिए पहुंचते हैं और दूसरे वाहन की चपेट में आ जाते हैं।

### खाने का सामान फेंकने पर लगे रोक

बंदरों के चोटिल होने के मामले भी लगातार सामने आ रहे है। इसमें सबसे ज्यादा बंदरों के बच्चे होते हैं। ऐसी घटनाएं तेंदूखेड़ा से बगदरी सागर मार्ग और बम्हौरी से सांगा के बीच अक्सर देखी जा रही है। वहीं इन बंदरों को बचाने के चक्कर में बाइक चालक भी गिरकर घायल हो जाते हैं या फिर बड़े वाहन चालक अपना नियंत्रण खो बैठते हैं और हादसे के शिकार हो जाते हैं हाईवे के पास रहने वाले ग्रामीण रामचरण आदिवासी, करन सिंह, विष्णु रजक, राजेश अहिरवार आदि ने कहा कि वाहन चालकों के मार्ग पर खाने पीने का सामान फेंकने पर रोक लगना चाहिए। जिससे बंदरों को दुर्घटना का शिकार होने से बचाया जा सकें।

### लगाए जाए जागरुकता बोर्ड

वन्यजीव प्रेमियों ने बताया कि आए दिन वाहनों की चपेट में आने से बंदरों सहित अन्य जानवर भी चपेट में आ जाते हैं जिससे उनकी मौत हो जाती है या फिर घायल हो जाते हैं। साथ ही इन वन्यजीवों को बचाने के चक्कर में राहगीर भी हादसे के शिकार होते हैं। इस ओर वन विभाग द्वारा सभी मार्गों पर जागरुकता बोर्ड लगाने चाहिए और वन्यजीव प्रेमियों को अपने वाहन धीमी गति से चलाने चाहिए। साथ ही लोगों को खाने की सामग्री सड़क पर नहीं डाल कर सड़क से अंदर जंगल में डालने की सलाह दी जाए। जिससे बंदरों को वाहनों की चपेट में आने से बचाया जा सके और लोगों को भी इस और वन विभाग को पहल और प्रयास करते हुए जागरुकता बोर्ड और सूचना बोर्ड लगाने चाहिए।